


आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,शनिवार 19 अक्टूबर 2024 ■ कार्तिक कृष्ण पक्ष-3 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-201 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 20 अक्टूबर 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### सलमान माफी नहीं मांगेगा : सलीम

**मुंबई,19 अक्टूबर।** बाबा सिद्दीकी की हत्या के बाद बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान और जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई की शत्रुता की चर्चा फिर से चर्चा में आ गई है. इस बीच, मुंबई पुलिस को एक धमकी भरा मैसेज मिला था, जिसमें 5 करोड़ रुपये की मांग की गई थी, साथ ही यह भी कहा गया था कि सलमान खान की हालत बाबा सिद्दीकी से भी बदतर होगी. सलीम खान ने इन विवादों के बीच स्पष्ट रूप से कहा कि उनका बेटा सलमान खान कभी माफी नहीं मांगेगा. लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने सलमान खान के घर पर हमला करके धमकी दी है. लॉरेंस गैंग से धमकियों का सिलसिला शुरू होने से सलमान खान की सुरक्षा बढ़ा दी गई है. सलीम खान ने कहा. लोग हमसे कहते हैं कि आप हमेशा नीचे जमीन पर देखते हैं. आप बहुत विनम्र हैं. मैं उनसे कहता हूं कि यह शर्म की बात नहीं है. मुझे डर है कि कोई कीड़ा भी मेरे पैरों के नीचे आकर घायल हो जाएगा. मैं उन्हें भी बचाता रहता हूँ,

### नक्सलियों ने आईईडी ब्लास्ट किया

**नारायणपुर,19 अक्टूबर।** जिले के अबूझमाड़ के मोहंदी में नक्सलियों ने आईईडी ब्लास्ट किया है। इस ब्लास्ट में आईटीबीपी यानी इंडो-तिब्बत बॉर्डर पुलिस के दो जवान घायल हुए हैं। घायलों को प्राथमिक इलाज के लिए रायपुर एयर लिफ्ट किया गया है। एंबुलेंस जिला अस्पताल से मौके पर रवाना हो गई है। नारायणपुर के पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने दो जवानों के घायल होने की पुष्टि की है। बताया जा रहा है कि घटना उस समय हुई जब सुरक्षाबलों की एक टीम नक्सल सर्च अभियान से लौट रही थी।

### ट्रक के सामने कूदकर युवक ने की आत्महत्या

**बिलासपुर,19 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ के न्यायधानी में एक युवक ने ट्रक के सामने कूद कर अपनी जान दे दी. मामला कोतवाली थाना क्षेत्र का है. इस घटना का लाइव वीडियो भी सामने आया है. दरअसल सड़क पर युवक की लाश देखने के बाद पुलिस जांच से पहले तक ट्रक ड्राइवर को दुर्घटना का जिम्मेदार समझा जा रहा था. लेकिन सूचना पर पहुंची पुलिस जब शव को पीएम के लिए भेजने के बाद जांच में जुटी तो सीसीटीवी फुटेज की मदद से यह पता चला कि युवक ने आत्महत्या की है. जानकारी के मुताबिक, मृतक की पहचान अमित राजगीर (28 वर्ष), पिता संतोष राजगीर, टिकरापारा निवासी के रूप में हुई है. वह प्लंबर का काम करता था. बताया जा रहा है कि घरेलू विवाद से परेशान होकर अमित ने शुक्रवार की सुबह 4 बजे घर से निकलकर दयालबंद स्थित गुरुद्वारे के सामने आरहे ट्रक के सामने जाकर आत्महत्या कर ली. मृतक के घर के आसपास के लोगों ने बताया कि अमित के बड़े भाई ने भी 5 साल पहले किसी कारण से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी. परिवार अब तक बड़े बेटे के मौत से उबर नहीं पाया था कि छोटे बेटे ने भी आत्महत्या कर लिया.

### भालू के हमले से युवक की मौत

**कटघोरा,19 अक्टूबर।** कोरबा जिले के ग्राम पंचायत बासिन में एक युवक पर खूंखार भालू ने हमला कर दिया, जिससे उसकी मौत हो गई. घटना उस समय हुई जब युवक अपनी मवेशियों को चराने गया था. तभी एक गुफा में छिपे भालू को देखने का प्रयास किया, इस दौरान भालू ने अचानक हमला कर दिया. वहीं भालू के हमले से एक मवेशी की भी मौत हो गई है. यह मामला जटगा चौकी थाना क्षेत्र का है. जानकारी के अनुसार, शुक्रवार को ग्राम पंचायत आमलीकुंडा निवासी ईश्वर धंनवार (38 वर्ष) रोज की तरह अपनी गाय-बकरी चराने गया हुआ था. तभी वह नाले के समीप जाकर गुफा में छुपे भालू को देखने की कोशिश किया.

---

**हाई कोर्ट का बड़ा फैसला**

## निर्धारित प्रक्रियाओं को पूरा किए बिना प्रभावी नहीं हो सकता किसी भी शासकीय सेवक का इस्तीफा

**बिलासपुर,19 अक्टूबर।** राज्य सरकार के विभिन्न विभागों में कार्यरत सरकारी अधिकारी व कर्मचारियों के लिए छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट का यह फैसला न्याय दृष्टांत बन सकता है. चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा व जस्टिस बीडी गुरु की डिवीजन बेंच ने कहा है कि निर्धारित प्रक्रियाओं को पूरा किए बिना किसी भी शासकीय सेवक का इस्तीफा प्रभावी नहीं हो सकता.

दरअसल, छत्तीसगढ़ राज्य नागरिक आपूर्ति निगम के उप प्रबंधक शैलेंद्र कुमार खम्परिया ने 26 मार्च, 2016 को व्यक्तिगत कारणों का हवाला देते हुए ई-मेल के जरिए इस्तीफा दे दिया था. विभाग ने ई-मेल के जरिए भेजे गए त्यागपत्र में निर्दिष्ट तिथि का अभाव और तीन महीने का वेतन जमा करने की शर्त को पूरा नहीं करने का हवाला देकर इसे अस्वीकार कर दिया था. इसके बाद सितंबर 2016 में उनका इस्तीफा स्वीकार कर लिया. लेकिन इसके बाद उप महाप्रबंधक खम्परिया ने अक्टूबर 2016 में अपना इस्तीफा वापस लेने की मांग की, जिस



पर निगम ने उनके अनुरोध को अस्वीकार कर दिया, और इस्तीफा स्वीकार कर लिए जाने की जानकारी दी. उन्होंने निगम अफसरों के इस निर्णय को हाईकोर्ट में चुनौती दी. सिंगल बेंच ने याचिकाकर्ता के पक्ष में फैसला सुनाते हुए निगम द्वारा स्वीकार किए गए त्यागपत्र को गैर कानूनी ठहराया. सिंगल बेंच के फैसले को निगम ने डिवीजन बेंच में चुनौती दी. मामले की सुनवाई के दौरान निगम की ओर से कहा गया, कि एक बार इस्तीफा स्वीकार होने के बाद कर्मचारी को इसे वापस लेने का कोई अधिकार नहीं है, भले ही स्वीकृति की सूचना ना दी गई हो. इस पर उप महाप्रबंधक खम्परिया की ओर से तर्क दिया गया कि निगम ने शुरू में गैर-अनुपालन के कारण उनके इस्तीफे को अस्वीकार कर दिया था, और बाद में की गई इस्तीफे की स्वीकृति अमान्य थी, क्योंकि उन्होंने अपेक्षित शर्तें पूरी नहीं की थी, साथ ही तीन महीने का वेतन भी जमा नहीं किया था.मामले में दोनों पक्षों को सुनने के बाद हाईकोर्ट ने फैसला दिया कि एक बार जब इस्तीफा गैर-अनुपालन के कारण अस्वीकार कर दिया जाता है, तो संबंधित विभाग के आला अफसर पर इसे सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी बनती है कि त्यागपत्र की स्वीकृति के साथ पत्र को आगे बढ़ाने से पहले सभी शर्तें पूरी कर ली गई है या नहीं.

## सहायक लोको पायलट चयन परीक्षा: कैट के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका खारिज

### हाईकोर्ट ने रेलवे को दोबारा शॉर्ट लिस्ट जारी करने के दिए निर्देश

**बिलासपुर,19 अक्टूबर।** सहायक लोको पायलट चयन परीक्षा को लेकर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की अपील को हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया है. कोर्ट ने कैट द्वारा सहायक लोको पायलट चयन में दोबारा शॉर्ट लिस्टिंग के आदेश को यथावत रखा है और कैट के आदेश का पालन करते हुए दोबारा शॉर्ट लिस्ट जारी करने के निर्देश दिए हैं. मामले की सुनवाई जस्टिस रजनी दुबे और जस्टिस एके प्रसाद की डिवीजन बेंच में हुई. दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने अगस्त 2018 को श्रेणी परिवर्तन कर सहायक लोको पायलट के 164 के अलावा अन्य पदों के लिए अधिसूचना जारी की. इसमें मांगी गई योग्यता पूर्ण करने पर ट्रैक मेंटेनर जे अनिल, शुभराम और अन्य ने आवेदन किया. इसमें चयन प्रक्रिया कंप्यूटर आधारित थी, किसे ऑनलाइन आयोजित किया जाना था. 328 अभ्यर्थियों की कम्प्यूटर जांच की गई. योग्यता



परीक्षण में 104 उम्मीदवारों को बुलाया गया था. मेडिकल के बाद जारी सूची में गड़बड़ी किए जाने एवं अन्य उम्मीदवारों से अधिक अंक प्राप्त होने के बाद भी उनका चयन नहीं किए जाने पर उन्होंने कैट में याचिका पेश की. कैट ने रेलवे को एएलपी चयन प्रक्रिया में दोबारा शार्ट लिस्टिंग करने का आदेश दिया. इसके खिलाफ दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, रेलवे बोर्ड ने हाईकोर्ट में अपील पेश कर कैट के आदेश को निरस्त करने की मांग की. हाईकोर्ट की डीबी ने सुनवाई के बाद कहा कि कैट ने एएलपी पद के चयन की प्रक्रिया में हस्तक्षेप करते हुए एक तर्कसंगत आदेश पारित किया है. शॉर्ट लिस्ट किए गए उम्मीदवारों की सूची को बिना श्रेणी में बदलाव किए फिर से तैयार करने का निर्देश दिया है. जिसे अवैध या मनमाना आदेश नहीं कहा जा सकता है.

## दिल्ली से लंदन जाने वाली फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग

**नई दिल्ली,19 अक्टूबर।** अब घरेलू विमानन कंपनियों की उड़ानों में बम धमकी का सिलसिला चल पड़ा है. शुक्रवार देर रात सोशल मीडिया पर धमकी मिलने के बाद विस्तारा की दिल्ली से लंदन जाने वाली फ्लाइट को फ्रैंकफर्ट के लिए डायवर्ट कर दिया गया. स्थानीय समय के अनुसार, बोइंग 787 फ्लाइट फ्रैंकफर्ट में रात 9.02 बजे इमरजेंसी लैंड हुई. इसके बाद विमान की जांच शुरू की गई, लेकिन ढाई घंटे में कोई संदिग्ध चीज नहीं मिली. इसके बाद विमान 11:32 बजे अपने गंतव्य पर पहुंचा. इससे पहले गुरुवार को विस्तारा और इंडिगो की दो अंतरराष्ट्रीय उड़ानों को बम से उड़ाने की धमकी दी गई, जबकि बुधवार को इंडिगो, स्पाइसजेट और अकासा की सात उड़ानों को बम से उड़ाने की धमकी दी गई. भारत की विमानन कंपनियों की लगभग एक दर्जन उड़ानों को भी इसी तरह की धमकियां मिली. एयरलाइन ने बताया कि जर्मनी के फ्रैंकफर्ट से मुंबई आ रहे विस्तारा एयरलाइन के एक विमान को बम की धमकी मिली, जिसके बाद विमान को गुरुवार को आपात स्थिति में उतारा गया. इस्तांबुल से मुंबई जाने वाले इंडिगो विमान में धमकीः एयरलाइन ने कहा, ÷16 अक्टूबर को फ्रैंकफर्ट से मुंबई के लिए उड़ान भरने वाली विस्तारा की उड़ान यूके 028 के बारे में सोशल मीडिया पर सुरक्षा संबंधी धमकी दी गई थी. विमान को सुरक्षित रूप से मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतारा गया, जहां सभी यात्रियों को उतारा गया और आवश्यक सुरक्षा जांच के लिए विमान को अलग स्थान पर खड़ा कर दिया गया. सभी संबंधित अधिकारियों को तुरंत सूचित किया गया.

## अब सुप्रीम कोर्ट से सभी मामलों का होगा सीधा प्रसारण: सीजेआई

**नई दिल्ली,19 अक्टूबर।** सुप्रीम कोर्ट ने महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए सभी मामलों की सुनवाई का सीधा प्रसारण करने का निर्णय लिया है. शीर्ष अदालत की सभी बेंचों को प्रत्यक्ष प्रसारण करने के लिए एक ऐप परीक्षण के अंतिम चरण में है, अब तक सिर्फ संविधान पीठ के समक्ष मामलों की सुनवाई सीधे प्रसारण होती थी, लेकिन मुख्य न्यायाधीश जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की पहल पर इसे सभी बेंच तक विस्तारित करने का निर्णय लिया गया है. यह पहली बार है कि दिन-प्रतिदिन की सुनवाई का सीधा प्रसारण होता है.





कोविड-19 महामारी के बाद 2022 में, सुप्रीम कोर्ट नेतीन संविधान पीठों की लाइव सुनवाई को यूट्यूब और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पहली बार दिखाया, जो अबतक जारी है और सभी अदालतों तक फैल गया है. 27 सितंबर 2022 को, सुप्रीम कोर्ट की तीन संविधान पीठों की सुनवाई की पहली बार लाइव स्ट्रीमिंग हुई, जिसमें 8 लाख से अधिक लोगों ने देखा था. सुप्रीम कोर्ट ने बाद में कहा कि यह कदम दूर-दराज के लोगों की चुनौतियों को दूर करेगा और देश भर से लोगों को सुप्रीम कोर्ट की कार्यवाही देखने का अवसर मिलेगा. जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ अपने कार्यकाल में बहुत कुछ करने के लिए जाना जाता है. उन्होंने तकनीक का उपयोग करके न सिर्फ केसों के आवंटन में सुधार और पारदर्शिता लाने की कोशिश की है, बल्कि त्वरित सुनवाई की प्रणाली में भी बड़ा बदलाव लाया है. 10 नवंबर को वह रिटायर होजाएंगे, और जस्टिस संजीव खन्ना देश के अगले मुख्य न्यायाधीश हो .

## अंबिकापुर एयरपोर्ट का उद्घाटन से पहले ही विरोध

**बिलासपुर,19 अक्टूबर।** अंबिकापुर एयरपोर्ट के बिना पूरी सुविधाओं के उद्घाटन का हवाई सेवा जनसंघर्ष समिति ने विरोध किया है. समिति का कहना है कि आधे-अधूरे एयरपोर्ट पर फ्यूल भराने की भी सुविधा नहीं है, जिससे आने वाले दिनों में हवाई सेवा के संचालन को लेकर संशय है. हवाई सुविधा जनसंघर्ष समिति के सुदीप श्रीवास्तव का कहना है कि रायपुर को छोड़कर, बिलासपुर, जगदलपुर और अंबिकापुर में जरूरी सुविधाएं भी नहीं हैं. 4 सी लाइसेंस, नाइट लैंडिंग, टेक्सी, कैंटीन जैसी सुविधाओं का अब तक अभाव बना हुआ है. उन्होंने बताया कि अंबिकापुर में हवाई जहाज के लिए रिफ्यूलिंग की व्यवस्था नहीं है, जिसका मतलब है कि कल विमान जरूर आएगा, लेकिन उसके बाद विमान नहीं उड़ेंगे. विमान सेवा तब तक शुरू नहीं होंगे, जब तक रिफ्यूलिंग की व्यवस्था नहीं होगी. इस लिहाज से आधा-अधूरा काम है, जिसका हम विरोध करते हैं. बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 20 अक्टूबर को दिल्ली से वर्चुअली अंबिकापुर के दरिमा स्थित एयरपोर्ट को प्रदेशवासियों को समर्पित करेंगे. अंबिकापुर-मैनपाट मार्ग पर ग्राम दरिमा में वर्ष 1950 में बने हवाई पट्टी से लेकर एयरपोर्ट बनने में 74 साल लग गए. लेकिन अभी भी सुविधाएं आधी-अधूरी बताई जा रही है. दरिमा का हवाई पट्टी विशिष्टजनों के प्रवास का गवाह रही है. पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी दो बार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक बार विमान से दरिमा आ चुके हैं. अब भारत सरकार की महत्वकांक्षी योजना उड़ान योजना के तहत दरिमा एयरपोर्ट को नियमित उड़ान के लिए लाइसेंस मिल गया है.



## बोलेरो ने बीएसपी कर्मचारी को रौंदा, मौत

**बालोद,19 अक्टूबर।** जिले में रफ्तार का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है. दल्लीराजहरा शहर में एक तेज रफ्तार बोलेरो ने स्कूटी सवार दो लोगों को टक्कर मार दी. इस हादसे में भिलाई स्टील प्लांट (बीएसपी) के 56 वर्षीय कर्मचारी जगत राम ठाकुर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका एक साथी गंभीर रूप से घायल हो गया है. जानकारी के अनुसार, बोलेरो वाहन अनियंत्रित होकर स्कूटी सवारों को टक्कर मारने के बाद गड्ढे में जा गिरा. हादसे में बोलेरो चालक को भी मामूली चोटें आई हैं. पुलिस ने बोलेरो चालक को गिरफ्तार कर लिया है. वहीं घायल को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है. मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने बोलेरो चालक को गिरफ्तार कर वाहन को जब्त कर लिया है और चालक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है. घटना की आगे की जांच जारी है.

### कोई कहे 'एक्शन' और मैं मर जाऊं : शाहरुख खान

**मुंबई,19 अक्टूबर।** बॉलीवुड के किंग खान यानी शाहरुख खान को भारतीय सिनेमा का बादशाह कहा जाता है. इतनों सालों बाद भी वो लोगों के दिलों पर राज करते हैं और लोग उनसे प्यार करते. चाहे वह 4 साल का ब्रेक लें या शाहरुख के प्रशंसक उन्हें देखने के लिए हमेशा सिनेमाघरों में उमड़ जाते हैं. हाल ही में स्विट्जरलैंड के लोकार्नो फिल्म फेस्टिवल में शाहरुख खान ने अपनी आखिरी इच्छा लोगों के साथ शेयर कर दिया है.

शाहरुख खान का कहना है कि वह अपनी आखिरी सांस तक काम करना चाहते हैं और अपना आखिरी समय कहीं और नहीं बल्कि सेट पर बिताना चाहते हैं. एक्टर ने कहा- क्या मैं हमेशा एक्टिंग करूंगा? हां, जब तक मैं मर नहीं जाता.. तब तक. मेरा सपना है कि कोई कहे 'एक्शन' और फिर मैं मर जाऊं. वे कहें 'कट' और फिर मैं कभी उठता ही नहीं.

## टीम इंडिया को बुलाने फिर गिड़गड़ाया पाकिस्तान

**करांची,19 अक्टूबर।** पाकिस्तान में अगले साल चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन होना है। पाकिस्तान इसकी मेजबानी भी कर रहा है। हालांकि, टीम इंडिया के पाकिस्तान यात्रा को लेकर अभी भी संशय बना हुई है। इसका बड़ा कारण दोनों देशों के बीच खराब रिश्ते हैं। इन सबके बीच पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने बीसीसीआई के एक ऐसा प्रस्ताव भेजा है जिससे बात बन सकती है। पीसीबी ने बीसीसीआई से संपर्क किया है और एक ऐसी व्यवस्था का प्रस्ताव रखा है, जिसमें भारत को अगले साल चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान मैचों के बीच नई दिल्ली या चंडीगढ़ लौटने की अनुमति दी जाएगी, अगर टीम सुरक्षा कारणों से पाकिस्तान में रहने की इच्छुक नहीं है। पीसीबी ने बीसीसीआई को मौखिक सुझाव दिया है कि भारतीय टीम नयी दिल्ली या चंडीगढ़ या मोहाली में शिविर लगा सकती है और अपने मैचों के लिए विशेष उड़ान का इस्तेमाल करके लाहौर जा सकती है। हालांकि, पीसीबी के एक सूत्र ने इसकी पुष्टि जरूर की लेकिन यह भी कहा कि बोर्ड ने लिखित में कोई सुझाव नहीं दिया है। सूत्र ने कहा, ÷लेकिन हां, यह सच है कि इन विकल्पों पर अधिकारियों के बीच मौखिक रूप से चर्चा हुई है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि भारत अपने मैच पाकिस्तान में खेले।




चैंपियंस ट्रॉफी 19 फरवरी से 9 मार्च तक होनी है, जिसके मैच लाहौर, रावलपिंडी और कराची में होंगे। भारतीय सीमा से निकटता और साजो-सामान संबंधी सुगमता के कारण पीसीबी ने लाहौर में भारत के मैचों की योजना बनाई है। टूर्नामेंट में भारत के तीन ग्रुप-स्टेज मैच 20 फरवरी (बांग्लादेश के खिलाफ), 23 फरवरी (पाकिस्तान के खिलाफ) और 2 मार्च (न्यूजीलैंड के खिलाफ) के लिए निर्धारित हैं। हालाँकि, पीसीबी इस बात पर अड़ा हुआ है कि फाइनल लाहौर में ही होना चाहिए, भले ही भारत पाकिस्तान में खेले या नहीं। भारतीय टीम के ग्रुप मैचों के बीच लंबा अंतराल है और लाहौर भारतीय सीमा के करीब स्थित है।

**सैफ महिला फुटबाल चैंपियनशिप-2024, भारत ने पाकिस्तान को 5-2 से पछाड़ा**

jasclaudius@gmail.com

## आशादेवी बनी भारतीय युवाओं की आशा की केंद्र

✍ जसवंत क्लाडियस,तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बहुखेल स्पर्धा में ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेल संसार में बहुत लोकप्रिय है जबकि एकल खेल में फुटबाल की प्रसिद्धि का कोई जोड़ नहीं। हमारे देश में 1870 के बाद से फुटबाल के खेल को विदेशी सैनिक लेकर आये। धीरे-धीरे यह खेल हमारे देश के घर-घर का खेल हो गया। अगर इतिहास के पन्ने को उलटकर देखें तो भारत में 1870 के बाद से ही विभिन्न खेल गतिविधियों ने जोर पकड़ा। फिर फुटबाल, हाकी, व्हालीबाल, कुश्ती, दौड़कूद, शतरंज, कैरम, खो-खो, कबड्डी हर गांव का खेल हो गया। भारतीयों के फुरसत का समय इन खेलों के अलावा चौसर, गिल्ली-डंडा, पतंगबाजी, मलखंब आदि स्थानीय व मनोरंजक खेलों के साथ गुजरता था। आमतौर पर ऐसे खेलों के लिए एक सपाट खुली जगह, दो खंबे, खेलने के लिए गेंद, नेट और कुछ खेल सामग्री की जरूरत होती थी। अतः भारत के निवासी इन खेलों के आनंद में अक्सर डब जाया करते थे। हाकी, फुटबाल, शतरंज, कबड्डी, खो-खो, कुश्ती में हमारे पुरुष खिलाड़ियों ने विश्व स्तर पर भारत का नाम ऊंचा किया। हाकी, शतरंज, कबड्डी में आज भी हमारे देश के युवा बेहतरीन प्रदर्शन कर रहे हैं। इधर फुटबाल में 1956 में ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेलों में भारतीय टीम चौथे स्थान पर रही बाद में 1971 तक भारतीय पुरुष फुटबाल टीम ने कई उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। 1951, 1962 में एशियाई खेलों के विजेता बने, 1964 में एएफसी एशियन कप में द्वितीय स्थान फिर 1970 में एशियाई खेलों में तीसरे स्थान पर रहे। समय और समाज की मांग के साथ विभिन्न खेलों में पुरुषों के साथ महिलाओं ने भी भाग लेना आरंभ किया। 1991 में पहली बार महिलाओं की राष्ट्रीय चैंपियनशिप की शुरुवात हुई इसके साथ ही फुटबाल में महिलाओं के प्रदर्शन का नया अध्याय आरंभ हुआ। वरिष्ठ महिला खिलाड़ियों ने भारत में फुटबाल खेल का माहौल बना दिया जिससे लड़कियों और युवतियों ने फुटबाल पर अपना ध्यान केंद्रित किया। 1993 में महिलाओं की फुटबाल के प्रति लगाव को देखते हुए कलकत्ता महिला फुटबाल लीग का आरंभ किया। 2010 से सैफ अर्थात् दक्षिण एशियाई फुटबाल फेडरेशन द्वारा महिला फुटबाल चैंपियनशिप का आरंभ हुआ। बाद में भारत में 2016 से महिला फुटबाल महिला लीग की शुरुवात हुई। इन दिनों 17 से 30 अक्टूबर 2024 तक नेपाल की राजधानी काठमांडू में 2024 की महिला सैफ चैंपियनशिप खेली जा रही है। इसमें भारतीय महिलाओं ने अब तक 2010, 2012, 2014, 2016 और 2019 में चैंपियनशिप जीती। फुबाल एक ऐसा खेल है जिसमें खेल के मैदान में कम से कम 90 मिनट तक पूरी सक्रियता के साथ विपक्षी के विरुद्ध डटे रहना पड़ता है। माना जाता है कि महिला फुटबाल मुकाबले में खेल अवधि के दौरान एक महिला खिलाड़ी को कम से कम छः से सात किलोमीटर की दौड़ लगानी पड़ती है। साथ ही दौड़ने की रफ्तार भी 25 किमी से 28 किमी प्रति घंटे औसत हो सकती है। आज के जमाने में जबकि नये तकनीक, नई रणनीति के साथ महिला खिलाड़ी मैदान में उतरती है तो जरूरी है कि वे शारीरिक रूप से पूरी तरह फिट रहे। आमतौर पर उम्र के बढ़ने के साथ महिलाओं की स्टेमिना और फिटनेस पर प्रश्न उठाये जाते हैं लेकिन ऐसा नहीं है। भारतीय महिला टीम की कप्तान आशा देवी ने पाकिस्तान के विरुद्ध सैफ महिला टूर्नामेंट में 100वें मैच में भाग लिया। हमारे देश के किसी भी खेल के खिलाड़ियों विशेषकर फुटबाल के खिलाड़ियों के लिए अत्यंत गौरव की बात है कि उन्होंने अपने देश भारत के फुटबाल के लिए अपना सबकुछ त्याग दिया और दमखम तथा फुर्ती बनाये रखते हुए प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ ताल ठोक रही है। आशा देवी ने पूरी टीम को डिफेंडर की भूमिका निभाते हुए एकसूत्र में पिरोए रखा है। सिर्फ 13 वर्ष की उम्र में आशा देवी ने फुटबाल को अपना खेल बना लिया। 2008 में 15 वर्ष की उम्र में उनका चयन 17 वर्ष से कम आयु की भारतीय टीम में हुआ। उसके बाद उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा और फुटबाल खेल के प्रति ईमानदारी से समर्पित होकर अपने देश भारत के लिए 2011 से सीनियर महिला टीम से जुड़ गई। 2011 से 2024 तक वे भारतीय टीम का अंग है और अब कप्तान बनकर उभरती हुई खिलाड़ियों के लिए आशा का केंद्र बन गई है। फुटबाल में चोट लगने की बहुत संभावना होती है। हालांकि खिलाड़ी सतर्कता बरतते हैं। प्रशिक्षक चोट से बचने के उपाय बताते हैं और फिजियोथेरेपिस्ट चोट से उबारते हैं। फिर भी 2016 में आशा देवी को लगी चोट ने उन्हें इस खेल को अलविदा कहने की स्थिति में ला दिया था परंतु उनकी मां ने उन्हें संभाला और सर्जरी के बाद फिर से मैदान में उतर आई। मणिपुर के इंफाल की 31 वर्षीय आशा देवी आज भारत की आने वाली पीढ़ी के लिए आदर्श बन चुकी है। फुटबाल के मैदान में 2008 के 2024 तक बने रहना चट्टान की तरह साहसी व्यक्तित्व के लिए संभव है। आशा देवी द्वारा 100 मैच भारत के लिए खेलना एवरेस्ट की चोटी पर फतह पाने से कम नहीं।



## छग पुलिस को मिला राष्ट्रपति का पुलिस ध्वज सम्मान

**नई दिल्ली,19 अक्टूबर।** 25 वर्षों की अनुकरणीय सेवा और राष्ट्र के प्रति समर्पण का सम्मान करते हुए छत्तीसगढ़ पुलिस को 'राष्ट्रपति का पुलिस ध्वज' प्रदान किए जाने की स्वीकृति प्राप्त हुई. छत्तीसगढ़ पुलिस ने यह सम्मान नक्सल मोर्चे पर साहस और दृढ़ता के साथ कठिन चुनौतियों का सामना करते हुए अर्जित किया है. मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इस उपलब्धि के लिए छत्तीसगढ़ पुलिस को बधाई दी है.




छत्तीसगढ़ सरकार ने 16 फरवरी 2018 को गृह विभाग के माध्यम से यह प्रस्ताव भेजा था, जिसे अब स्वीकृति मिली है. इस सम्मान के साथ, पुलिस बल के जवान इस ध्वज की प्रतिकृति को अपनी वर्दी पर प्रतीक चिन्ह के रूप में धारण करेंगे, जो उनके शौर्य और सेवा का प्रतीक होगा. राष्ट्रपति ध्वज किसी भी पुलिस या सैन्य बल के लिए सर्वोच्च मान्यता मानी जाती है, और यह छत्तीसगढ़ पुलिस की निष्ठा, कर्तव्यपरायणता और परिश्रम की राष्ट्रीय स्तर पर सराहना को दर्शाता है. मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस अवसर पर कहा, ÷यह सम्मान छत्तीसगढ़ पुलिस के साहस, अनुशासन और देशभक्ति का प्रमाण है. हमारे जवानों ने विपरीत परिस्थितियों में भी नक्सलियों के खिलाफ सफलता प्राप्त की है और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में अहम भूमिका निभाई है. यह ध्वज हमारे पुलिस बल के हौसले को और भी ऊंचा करेगा और उन्हें राज्य की सुरक्षा और सेवा में प्रेरित करेगा.÷ मुख्यमंत्री साय ने पुलिस बल को बधाई देते हुए कहा कि यह सम्मान केवल एक ध्वज नहीं, बल्कि उन बहादुर जवानों के प्रति एक आदर है जिन्होंने अपनी जान की परवाह किए बिना राज्य की शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया. इस ऐतिहासिक उपलब्धि ने छत्तीसगढ़ की जनता को भी गर्व का अवसर प्रदान किया है, जो राज्य की पुलिस की सेवा और समर्पण का सम्मान करती है.

# विधायक भावना बोहरा ने दी इंदौरी नगर पंचायत को विकास की सौगात

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा 19 अक्टूबर।** प्रदेश के हर गाँव और शहर में अधोसंरचना विकास से लेकर जनता की मूलभूत सुविधाओं एवं आवश्यक व्यवस्थाओं की पूर्ति के लिए छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार द्वारा लगातार विकास कार्यों की सौगात प्रदेशवासियों को दी जा रही है। पंडरिया विधासनभा में भी नगर पालिक व नगर पंचायत के सौन्दर्यीकरण, अधोसंरचना विकास, सड़क निर्माण एवं विभिन्न विकास कार्यों के लिए भी पंडरिया विधायक भावना बोहरा के लगातार प्रयासों से करोड़ों की सौगात मिली है। आज भावना बोहरा के प्रयासों से इंदौरी नगर पंचायत में विभिन्न विकास कार्यों के लिए नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा 1 करोड़ 49 लाख 97 हजार रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। विदित हो की पंडरिया विधायक भावना बोहरा द्वारा उप मुख्यमंत्री अरुण साव को पत्र के माध्यम से पंडरिया विधानसभा के अंतर्गत नगर पालिका एवं नगर पंचायत अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों में विकास व सौन्दर्यीकरण, स्वच्छता, जनता की मूलभूत



सुविधाओं और अन्य आवश्यक सुविधाओं के विस्तार हेतु प्रस्ताव प्रेषित किया था। उनके प्रस्ताव और जनता के हित को देखते हुए विभाग द्वारा अबतक नगर पालिका परिषद् पंडरिया, नगर पंचायत पांडातराई एवं इंदौरी के सौन्दर्यीकरण, मूलभूत सुविधाओं और अधोसंरचना विकास हेतु 6 करोड़ 90 लाख रुपए की स्वीकृति मिल चुकी है। इसमें नगर पालिका परिषद पंडरिया हेतु 3 करोड़ रुपए, नगर पंचायत पांडातराई हेतु 2 करोड़ 40 लाख रुपए एवं आज नगर पंचायत इंदौरी हेतु 1 करोड़ 49 लाख 97 हजार रुपए की स्वीकृति दी गई है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में अधोसंरचना मद अंतर्गत विकास कार्यों के लिए राशि की स्वीकृति दी गई है जिसके लिए भावना बोहरा ने पूरे पंडरिया विधानसभा की जनता की ओर से मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और उप मुख्यमंत्री अरुण साव का आभार व्यक्त किया है

।इस अवसर पर पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का उद्देश्य और लक्ष्य जनसुविधाओं के विस्तार के साथ ही क्षेत्र का विकास प्राथमिकता से रहा है। जब क्षेत्र का विकास होगा तो वहां की जनता का विकास भी सुनिश्चित होगा। खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में अधोसंरचना विकास, सौन्दर्यीकरण और मूलभूत सुविधाओं के विस्तार हेतु पूरी ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ भाजपा सरकार द्वारा विकास कार्यों की सौगात जनता को मिल रही है। हमारे पंडरिया विधानसभा में भी अबतक सड़क निर्माण, अधोसंरचना विकास, सौन्दर्यीकरण, सड़क निर्माण जैसे मूलभूत सुविधाओं के विस्तार हेतु करोड़ों की सौगात जनता की मिली है एवं ये सभी विकास कार्य प्रगति पर भी हैं। जिस विश्वास के साथ जनता ने भाजपा को प्रदेश की जिम्मेदारी दी है माननीय मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी के नेतृत्व में भाजपा उसे पूरा करने के लिए कटिबद्ध है। विगत 10 माह में प्रदेश तीव्र गति से विकास कर रहा है,।

भाजपा सरकार के सुशासन में वहां खुशहाली आ रही है। हमारे पंडरिया विधानसभा में 14088 आवासों को स्वीकृति मिली एवं पहली किश्त लाभार्थियों के खातों में जारी की गई। महतारी वंदन योजना से माताओं-बहनों को प्रतिमाह 1000 रुपए की आर्थिक सहयता मिल रही है। ।उन्होंने आगे कहा कि पंडरिया विधानसभा की जनता ने मुझे जो जिम्मेदारी दी है उसे पूरा करने के लिए मैं हमेशा प्रयासरत हूँ। आपके सुझाव और क्षेत्र के विकास के साथ हम मिलकर समृद्ध पंडरिया के अपने संकल्प को पूरा करने के लिए मिलकर आगे बढ़ेंगे। । मैं इंदौरी नगर पंचायत अंतर्गत निवास करने वाले समस्तजनों को इन विकास कार्यों के लिए बधाई देती हूँ ।

## एक नजर

### समय से पहले धान खरीदी केंद्रों में किसानों का पंजीयन कराना सुनिश्चित करें

**उतई 10 अक्टूबर।** दुर्ग ग्रामीण एवं राज्य ग्रामीण अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर ने जिला सहकारी केंद्रीय बैंक सीईओ धान खरीदी केंद्र के समिति प्रबंधक राजस्व विभाग के अधिकारी कर्मचारियों को फोन व पत्राचार के माध्यम से निर्देश दिया और कहा कि 14 नवंबर से पूरे प्रदेश में धान खरीदी प्रारंभ हो रहा है इसके मद्देनजर किसानों को धान बेचने में किसी प्रकार की दिक्कत ना हो उसको देखते हुए जिन किसानों का पंजीयन अभी तक नहीं हुआ है उसको तत्काल पंजीयन कराए और जिन किसानों का राजस्व संबंधित प्रकरण लंबित है जिनका ऋण पुस्तिका नहीं बना हुआ है उसे तत्काल प्रभाव में लेते हुए उस समस्या को हल करें और पंजीयन कराए । समय से पहले किसानों का धान खरीदी केंद्र में पंजीयन कराना सुनिश्चित करे जिससे किसान अपना धान समिति के माध्यम से बेच सके। एवं धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण कर समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करें। इस कार्य में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।



### पुलिस चौकी में दिखी बेहतर स्वच्छता



**कवर्धा 19 अक्टूबर।** पुलिस चौकी पोड़ी में तरुण छत्तीसगढ़ ने स्वच्छता का जायजा लिया तो बेहतर स्वच्छता दिख ।पुलिस स्टाफ ने बताया की स्वच्छता होगी तो मन ओर शरीर स्वच्छ होगा । पुलिस स्टाफ ने बताया की पुलिस चौकी प्रभारी त्रिलोक प्रधान के मार्गदर्शन में गांवों में पेट्रोलिंग की जाती है जिससे लोग हमेशा सुरक्षित रहे और सार्वजनिक स्थानों पर सिगरेट ना पिए यह विनम्र अपील है ।

### नगर सैनिक भी सरकार से कर रहे वेतन वृद्धि की अपेक्षा

**कवर्धा 19 अक्टूबर।** सुबह सुबह नगर सैनिक होम गार्ड ने कहा कि सरकार से अपेक्षा है कि वेतन वृद्धि हो क्योंकि त्यौहार भी आ रहा है और महंगाई भी बढ़ गई है । महाराष्ट्र ओर एम पी में भी नगर सैनिक होम गार्ड का वेतन बढ़ गया इसलिए सीएम विष्णुदेव साय से अपेक्षा है की हमारा भी वेतन बढ़े और दिवाली अच्छे से मना पाए । नाम पूछने पर उन्होंने कहा कि सरकारी कर्मचारी है नाम मत पूछिए ।

### ज्यादा मुनाफा देने का झांसा देकर ठगी

**भिलाई 19 अक्टूबर।** तमेरपारा दुर्ग निवासी सचिन ताम्रकार ने 26 लाख 75 हजार रुपये की ठगी की दुर्ग सिटी कोतवाली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है आरोपितों ने मर्गन स्टेनली ई ट्रेड कंपनी में रुपये निवेश करने पर ज्यादा मुनाफा देने का झांसा देकर ठगी की है पुलिस ने अज्ञात आरोपितों के खिलाफ धोखाधड़ी की धारा के तहत प्राथमिकी मामले की जांच शुरू की है दो सितंबर को पीड़ित को कंपनी के वाट्सएप ग्रुप से जोड़ा गया था एडमिन सोहेल राजपूत, लूसी व नंदी ने बताया कि उनकी कंपनी आनलाइन ई ट्रेड करती है इसमें निवेश करने पर अच्छा लाभ हो सकता है आरोपितों की बातों में आकर पीड़ित ने एक महीने में उनके बताए हुए खातों में कुल 26 लाख 75 हजार भेज दिया।

### 26 अक्टूबर को जगजीत सिंग नाईट संगीत कार्यक्रम का आयोजन

**भिलाई, 19 अक्टूबर।** सेल-भिलाई इस्पात सयंत्र के क्रीडा सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग द्वारा महात्मा गांधी कला मंदिर, सिविक सेंटर में दिनांक 26 अक्टूबर शनिवार को जगजीत सिंह नाईट संगीत कार्यक्रम का आयोजन संध्या 7:30 बजे से किया जाएगा। आयोजन में मुंबई से अंतर्राष्ट्रीय वायलिन वादक, संगतकार व गायक दीपक पंडित व भिलाई के प्रख्यात गायक प्रभंजय चतुर्वेदी अपने सुरों की छठा बिखेरकर संगीत सुधियों को मंत्रमुग्ध करेंगे। मूर्धन्य कलाकार स्व. जगजीत सिंह जी को समर्पित इस आयोजन में उनके गजल के कायनात को पेश किया जायेगा। संगतकार के रूप में तबले पर भालचंद्र शेगेकर व रामचंद्र सर्पे, की-बोर्ड पर दिलीप शर्मा, ढोलक पर भगवत साहू, ऑक्टोपैड पर देवव्रत मजूमदार व दीपंकर दास, बांसुरी पर दुष्यंत हरमुख उपस्थित रहेंगे।

### प्रधान पाठक एवं एसएमसी सदस्यों ने किया स्कूल को पंखा दान




**भिलाई, 19 अक्टूबर।** शासकीय प्राथमिक शाला-चंगोरी विकासखंड-पाटन जिला-दुर्ग छत्तीसगढ़ के प्रधान पाठक विरेन्द्र कुमार साहू एवं एसएमसी सदस्य श्रीमती राधिका कुर्रे, श्रीमती सीता मानिकपुरी, श्रीमती चित्ररेखा कुर्रे, कुन्ती टंडन , सुनिता यादव, दुर्गा यादव ने मिलकर स्कूल को दो पंखा दान में दिया है। प्रधान पाठक की इस नवपहल के माध्यम से समुदाय के व्यक्ति प्रेरित होकर विद्यालय के लिए आवश्यक सामग्री प्रदान किया जा रहा है। पूर्व में सामुदायिक सहभागिता कार्यक्रम चलाकर प्रधान पाठक विरेन्द्र कुमार के द्वारा विद्यालय में मंदिर निर्माण, किचन गार्डन निर्माण, शिक्षण सामग्री, निशुल्क स्वास्थ्य शिविर,बाउंड्री वॉल के लिए सीमेंट पोल, बच्चों के लिए निशुल्क टाई बेल्ट, कार्य किए गए हैं। इस प्रकार की सराहनीय कार्य के लिए श्रीमती यामिनी वर्मा सरपंच, योगेश्वरी वर्मा सहायक शिक्षक, दीपिका बंदे, श्रीमती ललिता कोसरिया, एवं पालक गणों के द्वारा आभार व्यक्त किया है।

# डिप्टी सीएम ने विकास कार्यों का किया भूमिपूजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 19 अक्टूबर।** कवर्धा शहर को विकास की नई दिशा देते हुए प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने आज नगरवासियों को एक बड़ी सौगात दी। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने 5 करोड़ 75 लाख रुपए के विभिन्न विकास कार्यों का विधिवत भूमिपूजन कर, शहर के भविष्य को और सुदृढ़ बनाने की पहल की। इन कार्यों में गार्डन निर्माण, सीसी सड़क और नाली निर्माण, तथा पाइपलाइन विस्तार जैसे महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट शामिल हैं, जो कवर्धा की बुनियादी सुविधाओं को और सशक्त बनाएंगे। उन्होंने करपात्री स्कूल के सामने गार्डन निर्माण के लिए 50 लाख रुपये, विभिन्न वार्डों में सीसी सड़क और नाली निर्माण के लिए 3 करोड़ रुपये, और पाइपलाइन विस्तार के लिए 1 करोड़ 99 लाख रुपये और 25 लाख रुपये की लागत से शिवाजी महाराज की प्रतिमा का का भूमिपूजन किया। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि कवर्धा में तेजी से बुनियादी सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गार्डन, सीसी सड़क, नाली



निर्माण और पाइपलाइन विस्तार जैसे कार्यों से शहर का इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत होगा। इन परियोजनाओं से न केवल यातायात और जल निकासी की समस्याओं का समाधान होगा, बल्कि शहर का सौंदर्य भी निखरेगा। उन्होंने यह भी कहा कि विष्णुदेव साय सरकार की प्राथमिकता हर नागरिक तक विकास की सुविधाएं पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार का मुख्य उद्देश्य विकास के कार्यों का लाभ शहर के हर नागरिक तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि कवर्धा को आधुनिक और सुसज्जित शहर बनाने की दिशा में यह सिर्फ एक शुरुआत है। । इस अवसर पर इस अवसर पर पूर्व संसदीय सचिव मोतीराम चन्द्रवंशी, नगर पालिका अध्यक्ष मनहरण कौशिक, कैलाश चंद्रवंशी, श्री चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, नगर पालिका उपाध्यक्ष जमील ख़ान, पूर्व नपाध्यक्ष राजेंद्र सलूजा , पूर्व नपाध्यक्ष अनिल ठाकुर , सतीश चन्द्रवंशी, पूर्व उपाध्यक्ष मनोज गुप्ता , पूर्व जनपद सदस्य रूपेश चंद्रवंशी , सभापति उमंग पांडेय, श्रीकांत उपाध्याय , पवन जायसवाल, सुनील साहू , , मनीराम साहू, , श्रीमती मधु तिवारी, श्रीमती विजय लक्ष्मी तिवारी, सुनील दोषी, , हेमचंद चन्द्रंशुब नागरिक उपस्थित थे।

## समाचार संक्षेप

### यातायात सुरक्षा के मद्देनजर सड़कों में हुई मार्किंग, यातायात नियम का पालन

**कवर्धा 19 अक्टूबर।** पुलिस अधीक्षक कवर्धा राजेश अग्रवाल के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल, जिला ए एस पी पंकज पटेल एवं डीएसपी कृष्ण कुमार चंद्राकर के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय राजमार्ग के सहायक अभियंता शैलेंद्र सूर्यवंशी यातायात प्रभारी रक्षित निरीक्षक प्रवीण खलखो के संयुक्त टीम के द्वारा आज दिनांक 16. 10.2024 को यातायात के सुचारू संचालन हेतु राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 30 अंतर्गत वीर स्तंभ चौक में ज़ेबरा क्रॉसिंग एवं वीर स्तंभ चौक से मिनीमाता व वीर स्तंभ चौक से रायपुर बायपास तिराहा तक रोड लेने मार्किंग का कार्य कराया गया जिससे वाहन चालकों एवं आम नागरिकों को आवागमन में किसी भी प्रकार की समस्या नहीं होगी साथ ही इससे सड़क दुर्घटना में होने वाली दुर्घटनाओं में कमी आएगी, साथ ही यातायात प्रभारी रक्षित निरीक्षक श्री प्रवीण खलखो पद्वारा जिले वासियों को आने वाले दीपावली त्यौहार के अवसर पर लोगों को आवागमन सुचारू रूप से चलने हेतु निर्धारित जगहों पर ही वाहन पार्किंग करने एवं यातायात संबंधी समस्त नियमों का पालन करने एवं सभी दस्तावेज अपने साथ रख कर चलने अपील किया गया एवं सुगम् यातायात संचालन में सहयोग प्रदान करने समस्त जिले वासियों से अपील किया गया ।



### धर्मेंद्र सिंह ने प्रधान आरक्षकों को पदोन्नति प्रदान किया



**कवर्धा 19 अक्टूबर।** पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगाँव रेंज राजनंदगाँव के आदेशानुसार पदोन्नति हेतु जारी योग्यता सूची वर्ष 2024 में जिला पुलिस कबीरधाम के प्रधान आरक्षको का सहायक उप. निरीक्षक के पद पर पदोन्नति/स्थानांतरण हेतु योग्यता सूची जारी की गई है। इसी तारतम्य में आज दिनांक-18.10.2024 को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में उक्त पदोन्नत प्रधान आरक्षकों को प्रभारी पुलिस कप्तान धर्मेंद्र सिंह एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल के द्वारा स्टार लगा कर सहायक उप. निरीक्षक के पद पर पदोन्नति प्रदान की गई है। जिसमें (1) प्रधान आरक्षक क्रमांक- 160 वासुदेव साय पैकरा (2) महिला प्रधान आरक्षक क्रमांक- 53 श्रीमती देमन टेकाम (3) प्रधान आरक्षक क्रमांक -194 राजेश कुमार सिंह ठाकुर जिला- कबीरधाम। उक्त पदोन्नत तीनों अधिकारियों को कबीरधाम जिले के प्रभारी पुलिस अधीक्षक श्री धर्मेंद्र सिंह द्वारा संबोधित करते हुए कहा गया कि आप सभी के कार्यों में पदोन्नति के साथ वृद्धि होगी, जिसे बेहतर ढंग से निभाना आप सभी का प्रथम कर्तव्य होगा कहकर पदोन्नति की बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं की गई। इस अवसर पर कार्यालयीन अधिकारी/कर्मचारी एवं पदोन्नत अधिकारी गण के परिवार जन उपस्थित रहे।

### ग्राम कमकासुर की महिला समूह को सेनेटरी पैड मेकिंग मशीन का किया गया हस्तांतरण



**भिलाई, 19 अक्टूबर।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के सीएसआर पहल के तहत 16 अक्टूबर को दुल्की माइन्स के समीपस्थ ग्राम कमकासुर में सेनेटरी पैड मेकिंग मशीन स्थापित कर ग्राम की महिला समूह को मशीन का हस्तांतरण किया गया। बीएसपी-सीएसआर ने महिला सशक्तिकरण के लिए, ग्राम कमकासुर के स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को मेसर्स सुलभ इंटरनेशनल सेंटर फॉर एक्शन सोशियोलॉजी एंड सोशियोलॉजी फॉर सैनिटेशन नई दिल्ली के सहयोग से एक सेनेटरी पैड बनाने की मशीन उपलब्ध कराई। कार्यक्रम में महाप्रबंधक जयप्रकाश, महाप्रबंधक अरूण कुमार उप महाप्रबंधक मनीष जायसवाल, वरिष्ठ प्रबंधक राकेष ठाकुर, उप प्रबंधक डॉ जे एस बघेल, वरिष्ठ प्रबंधक सुशील कामडे एवं उप प्रबंधक के के वर्मा सहित ग्राम कमकासुर की सरपंच श्रीमती जमुना बाई टेकाम, सचिव जैन सिंह, सुलभ इंटरनेशनल से प्रषिक्षक शोभित पुसेवाड़ा विशेष रूप से उपस्थित थे। इसके अतिरिक्त हस्तांतरण समारोह में सीएसआर के अन्य विभागीय कर्मी सहित ग्राम पंचायत कमकासुर के ग्रामवासी, निकटवर्ती ग्राम कट्टापार व गोदरा के ग्रामवासी तथा स्वयं सहायता समूह की महिलाएं भी मौजूद थी। महाप्रबंधक जयप्रकाश ने अपने उद्बोधन में महिलाओं को प्रेरित करते हुए सेनेटरी पैड के प्रयोग से संबंधित स्वास्थ्य लाभ एवं व्यावसायिक महत्व के बारे में जानकारी दी। वरिष्ठ प्रबंधक सुशील कामडे ने स्वागत भाषण दिया ।

# ऑक्सीजन सिलेंडर चोर गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई 19 अक्टूबर।** जामुल थाना क्षेत्र औद्योगिक क्षेत्र हाउसिंग बोर्ड स्थित ऑक्सीजन ह्लका कारोबार करने वाले राकेश शर्मा ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई. पीड़ित कंपनी के मालिक ने बताया कि उनकी कंपनी से लगातार ऑक्सीजन सिलेंडर की चोरी हो रही है शिकायत के बाद पुलिस ने चोरों को गिरफ्तार करने के लिए जांच पड़ताल शुरु की जांच के दौरान पता चला कि चोरी की वारदातों में कोई बाहर का नहीं बल्कि कंपनी के भीतर का ही कर्मचारी शामिल है पुलिस ने चोरी का माल खरीदने वाले सहित 10 चोरों को गिरफ्तार किया है ऑक्सीजन सिलेंडर की चोरी पकड़े गए चोरों के पास से और उनकी निशानदेही के आधार पर चोरी की 103 ऑक्सीजन सिलेंडर बरामद किया बरामद किए गए चोरी के माल की बाजार कीमत 10 लाख 32 हजार है पुलिस की पूछताछ में पता चला कि चोरी की वारदातों में कंपनी में ही काम करने वाले अलग अलग ड्राइवर शामिल हैं चोरी करने के बाद आरोपी ऑक्सीजन सिलेंडर को औने पौने दामों में रायपुर में बेच दिया करते थे पुलिस ने चोरी का माल खरीदने वाले पर भी कार्रवाई की है छावनी सीएसपी हरीश पाटिल ने बताया कि प्रार्थी राकेश शर्मा ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी उनका कहना था कि उनके प्लांट से लगातार ऑक्सीजन सिलेंडर की चोरी की जा रही है शिकायत दर्ज होने के बाद पुलिस ने अपने मुखबिरों को एक्टिव किया. मुखबिरों की सूचना पर पुलिस ने सिलेंडर चोरी करने वाले दस लोगों को दबोचा पकड़े गए लोगों में ड्राइवर शामिल हैं फरियादी ने अपने प्लांट से ऑक्सीजन सिलेंडर चोरी होने की शिकायत दर्ज कराई थी जांच के बाद पाया कि कंपनी में काम करने वाले ड्राइवर ही इस चोरी की वारदात में शामिल हैं 10 लाख 32 हजार का माल बरामद।

# राज्य स्तरीय जूनियर रेडक्रास प्रशिक्षण सह सद्भावना शिविर प्रारंभ

**भिलाई, 19 अक्टूबर।** इंडियन रेडक्रास सोसयटी छत्तीसगढ़ राज्य शाखा रायपुर के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय जूनियर रेडक्रास प्रशिक्षण सह सद्भावना शिविर का आयोजन 18 से 22 अक्टूबर तक किया जा रहा है। जम्बुरी कार्यक्रम के नोडल अधिकारी आयुक्त नगर निगम भिलाई बजरंग दुबे द्वारा शिविर स्थल भारती विश्वविद्यालय पुलगांव दुर्ग शहर में व्यवस्थाओ को संपादित करवाया जा रहा है। इस बात का ध्यान रखा जा रहा है कि जम्बुरी में सभी आवश्यकताओ की प्रतिपूर्ति समय अनुसार की जा सके। भिलाई नगर निगम द्वारा प्रमुख रूप से जम्बुरी स्थल स्थल पर पीने के पानी, जम्बुरी स्थल, एरिना, स्नान गृह महिला एवं पुरुष के लिए प्रतिदिन 2 टैंकर पानी उपलब्ध कराया जा रहा है। शौचालय की साफ-सफाई व्यवस्था हेतु 10 से 12 महिला सफाई कर्मियों को सुबह 6 बजे से 2 बजे तक ड्यूटी लगाई गई है। जिसका मॉनिटरिंग निगम के स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली द्वारा की जा रही है। निकायों को जम्बुरी को सफलतापूर्वक आयोजन करने हेतु विभिन्न दायित्वों को दिया गया है। जिनके द्वारा कार्यो को संपादित किया जा रहा है।




# भिलाई-चरौदा निगम क्षेत्र में सरकारी राशन दुकान के संचालकों को निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई 19 अक्टूबर।** दुर्ग कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी से प्राप्त निर्देश के अनुसार नगर निगम भिलाई-चरौदा के राशन कार्ड विभाग द्वारा ई-के.वाई.सी. की प्रक्रिया को पूर्ण करने कार्यवाही की जा रही है। इस संबंध में बुधवार को आयुक्त कक्ष में बैठक आयोजित की गयी। जिसमें निगम कमिश्नर .एस.राजपूत द्वारा विषय पर अपनी बात रखते हुए राशन दुकान संचालकों को निर्देशित करते हुए कहा कि शासन द्वारा राशन कार्ड में जितने भी सदस्य दर्ज है उन सभी का ई-के.वाई.सी. कराया जाना है। ऐसे में आप सभी राशन दुकान संचालक




अपने दुकान से राशन वितरण किये जाने के दौरान लोगों को इस विषय से अवगत कराना सुनिश्चित करें, कि परिवार के सभी सदस्यों को ई-के.वाई.सी. कराने राशन दुकान पर आना अनिवार्य है। जहां मशीन में थंब इंप्रेशन के साथ ई-के.वाई.सी. की प्रक्रिया पूर्ण की जायेगी। बैठक में राशन कार्ड प्रभारी श्रीमती तारिणी वर्मा, आयुक्त के स्टेनो चेतन देवांगन, जनसंपर्क लिपिक विकास त्रिपाठी के अलावा निगम क्षेत्र में संचालित सभी सरकारी राशन दुकान के संचालक उपस्थित रहे।

# ईएमएसएस स्कूल में सतर्कता जागरूकता पर वाद-विवाद प्रतियोगिता



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 19 अक्टूबर।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के सतर्कता विभाग द्वारा सत्यनिष्ठा की संस्कृति से राष्ट्र की समृद्धि विषय पर सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2024 का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत सप्ताह भर चलने वाले विभिन्न आयोजनों और प्रतियोगिता की कड़ी में 18 अक्टूबर को सतर्कता विभाग द्वारा षिक्षा विभाग के सहयोग से कक्षा 9वीं से 12वीं तक के छात्रों के लिए इंग्लिश मीडियम सीनियर सेकेंडरी (ईएमएसएस) स्कूल, सेक्टर-7 में एक वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस वाद-विवाद प्रतियोगिता का विषय राष्ट्र की समृद्धि के लिए सत्यनिष्ठा की संस्कृति अतिआवष्यक है। प्रतियोगिता में भिलाई और आसपास के विभिन्न स्कूलों के छात्रों ने भाग लिया। उप महाप्रबंधक सुश्री दीप्ति राज ने उपस्थित अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम का आरंभ किया और प्रतियोगिता के नियमों के बारे में जानकारी दी। बीएसपी के उप महाप्रबंधक अंषुमन सिंह ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी प्रतिभागियों, शिक्षकों एवं सम्मानित अतिथियों को सत्यनिष्ठा शपथ दिलायी। प्रतियोगिता के निर्णायक की भूमिका में बीएसपी के महाप्रबंधक सुश्री सुष्मिता डे और उप महाप्रबंधक विक्रांत शरण थे। कार्यक्रम का संचालन इंग्लिश मीडियम सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सेक्टर-7 की व्याख्याता श्रीमती उमा पाण्डेय ने किया तथा उप महाप्रबंधक अंषुमन सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

### प्रदेश में आपराधिक घटनाओं में बढ़ोत्तरी चिंता का विषय : शिवसेना

**भिलाई, 19 अक्टूबर।** शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे के राजू गुप्ता ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि प्रदेश में आगजनी, डकैती, लूटपाट, चाकूबाजी, हत्या, मारपीट, रेप जैसी आपराधिक घटनाएं लगातार हो रही हैं। लूटेरों की हिम्मत भी इतनी बढ़ गई है कि दिन दहाड़े लूटपाट कर रहे हैं। बढ़ते अपराधों का कारण मादक पदार्थों की बिक्री धड़ल्ले से चल रही है जिसे अपराधी मादक द्रव्य लेने के उपरांत होश हवास भूल कर पुलिस का भय खत्म कर तेजी से अपराध को घटित कर रहे हैं। अपराधियों के साथ कड़ाई से पेश होना होगा। शहर में मादक द्रव्यों का बिक्री वैध अवैध रूप से रोकनी होगी अन्यथा नवयुवा अपराध के घोर दलदल में फंसता चला जाएगा। शहर में प्रतिदिन हत्या डकैती, रेप, चोरी, लूटपाट जैसी घटनाएं बढ़ती रहेंगी जिस पर नियंत्रण पुलिस चाहकर भी नहीं कर पायेगा।

**एक नजर**

### आईजी, कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक ने सुदूर वनांचल ग्रामों का किया आकस्मिक निरीक्षण



**राजनांदगांव 19 अक्टूबर।** आईजी श्री दीपक झा, कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग ने डोंगरगढ़ विकासखंड के सुदूर वनांचल ग्राम खुर्सीपारखुर्द, खोलारघाट, कौहापानी का आकस्मिक निरीक्षण किया। कलेक्टर ने ग्रामीणों से चर्चा कर गांव में मिल रही शासन के योजनाओं के क्रियान्वयन की वस्तुस्थिति के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने विद्यालय एवं आंगनबाड़ी केन्द्र के निरीक्षण के दौरान बच्चों से बातचीत की और बच्चों से पढ़ाई के साथ-साथ स्कूल में मिल रहे मध्यान्ह भोजन के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने बच्चों को मिल रहे मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता की जांच की और विद्यालय का निरीक्षण भी किया। शिक्षकों को समय पर विद्यालय आने, बच्चों को अनुशासित रखने के साथ-साथ उन्हें विषयों की जानकारी देने तथा विद्यालयों को स्वच्छ लिए रखने के आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने आंगनबाड़ी केन्द्र में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता से बच्चों, गर्भवती माताओं एवं किशोरी बालिकाओं को मिलने वाले रेडी टू ईट तथा आंगनबाड़ी केन्द्र में दर्ज बच्चों, कुपोषित बच्चों के संबंध में जानकारी ली और नन्हे बच्चों से बातचीत की।

### वास्तु एवं ज्योतिष से भाग्य में बदलाव संभव: मुनि सुधाकर




**रायपुर 19 अक्टूबर।** आचार्य श्री महाश्रमण जी के सुशिष्य मुनिश्री सुधाकर जी ने टैगोर नगर स्थित लाल गंगा पटवा भवन के जय समवसरण में आज दिनांक 19/10/2024 को प्रवचन करते हुए कहा कि जैन संस्कृति विलक्षण है, इसमें सभी सिद्धांतों की वैज्ञानिक एवं प्रामाणिक परिष्ठता है। जिसका एकमात्र उद्देश्य मानव कल्याण एवं आत्म कल्याण है। उसी की एक शाखा का नाम है वास्तु विद्या। रहने के लिए बनाए जाने वाले आवास का नाम ही है वास्तु। वास्तु का हमारे मानसिक, शारीरिक, आर्थिक, पारिवारिक, परिवेश पर बहुत बड़ा प्रभाव होता है। दिशा बदलो दशा बदलेगी÷ कहावत इसी का संकेत करती है, संपूर्ण वास्तु द्रव्य क्षेत्र भाव काल एवं अग्नि, वायु, जल, पृथ्वी एवं आकाश तत्व पर आधारित है। वास्तु के नियमों के अनुसार यदि हमारा आहार हो तो हम तन मन से स्वस्थता का अनुभव कर सकते हैं। मुनिश्री ने आगे कहा अष्टलक्ष्मी के माध्यम से भी वास्तु की बहुत सुंदर व्याख्या हुई है वास्तु से भाग्य में बदलाव संभव है यदि हम दिशाओं के गुण धर्म को जान ले और उसके अनुसार संयोजन करें तो वह दिशाएं भी हमारे जीवन की दिशा बदल सकती है।

### सीएम कैंप कार्यालय की पहल पर प्रायमरी स्कूल में तत्काल हुई शिक्षकों की व्यवस्था

**रायपुर, 19 अक्टूबर।** मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय की पहल पर जशपुर जिले के कांसाबेल ब्लॉक के ग्राम जाममुंडा के प्राथमिक स्कूल में तत्काल दो शिक्षकों की पदस्थापना की गई है। ग्राम जाममुंडा के ग्रामीणों ने गुरुवार को सीएम कैंप कार्यालय बगिया में आकर आवेदन दिया था कि गांव के प्राथमिक स्कूल के शिक्षकों के निलंबन के बाद वहां नए शिक्षकों की पदस्थापना नहीं होने से बच्चों की पढ़ाई बाधित हो रही है। जिस कारण से ग्रामीणों ने स्कूल में शिक्षकों की पदस्थापना की मांग रखी थी। बच्चों की पढ़ाई से जुड़ी इस गंभीर समस्या पर कैंप कार्यालय द्वारा तत्काल कार्रवाई करते हुए प्राथमिक स्कूल में दो शिक्षकों की पदस्थापना कर दी गई है। समस्या का तुरंत समाधान होने से प्रसन्न ग्रामीणों ने सीएम के प्रति आभार व्यक्त किया है। सीएम कैंप कार्यालय में लोगों की समस्याओं का त्वरित निपटारा किया जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय का स्पष्ट निर्देश है कि हर मामले में तुरंत कार्रवाई होनी चाहिए और लोगों की समस्याएं हल होनी चाहिए। ऐसे ही एक मामले में ग्रामीणों की मांग पर तत्काल ही शिक्षकों की व्यवस्था हो जाने से ग्रामीण काफी प्रसन्न हैं।

# अपराधों पर नियंत्रण के लिए सख्ती से की जाए कारवाई: मुख्यमंत्री

- स्थानीय स्तर पर होने वाली घटनाओं पर रहे पुलिस की पैनी नजर
- सूचना तंत्र को और अधिक मजबूत बनाएं
- अवैध शराब और नशे के कारोबार पर कड़ाई से लगाया जाए अंकुश



**रायपुर, 19 अक्टूबर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज मुख्यमंत्री निवास में आयोजित बैठक में प्रदेश में कानून और व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा की। मुख्यमंत्री श्री साय ने बैठक में अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि अपराधियों और असामाजिक तत्वों पर सख्ती से कार्यवाही की जाए। उन्होंने कहा कि हर हाल में कानून और व्यवस्था बहाल रखना चाहिये। पुलिस त्वरित कार्यवाही करे और चौकन्ना रहे। बैठक में उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री श्री विजय शर्मा भी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि स्थानीय स्तर पर होने वाली घटनाओं पर पुलिस की पैनी नजर होनी चाहिए और इन घटनाओं के संभावित परिणाम पर भी विचार किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि अपराधों को रोकने के लिए नशे के अवैध व्यापार पर अंकुश लगाया जाए। गांजा, अवैध शराब, ड्रग्स की तस्करी पर मुस्तैदी से कार्यवाही हो।

श्री साय ने कहा कि नगरीय और ग्रामीण क्षेत्रों में रात्रि में पुलिस की गश्त नियमित रूप से होनी चाहिए। पुलिस के आला अफसर भी अनिवार्य रूप से पेट्रोलिंग करें। रेल्वे स्टेशन, बस स्टैण्ड, हवाई अड्डों के साथ ही संवेदनशील इलाकों में नियमित रूप से पुलिस की पेट्रोलिंग होती रहनी चाहिए। नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में शॉपिंग मॉल, दुकानों, होटलों आदि रात्रि के समय पर निर्धारित समय पर बंद होनी चाहिए। बियर बार एवं होटल निर्धारित समय पर बंद हो ऐसे होटल जहां शराब की अवैध बिक्री की शिकायत मिलती है उन पर सख्त कार्यवाही की जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सायबर क्राईम को रोकने के लिए तत्परता से प्रभावी कार्यवाही की जाए।

इस अवसर पर मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन,अपर मुख्य सचिव गृह श्री मनोज कुमार पिंगुआ, पुलिस महानिदेशक श्री अशोक जुनेजा, मुख्यमंत्री के सचिव श्री राहुल भगत सहित गृह विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

### सीएम साय आईएफएस ऑफिसर्स एसोसिएशन के कार्यक्रम में हुए शामिल

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय आज यहां नवा रायपुर के एक निजी होटल में आयोजित आईएफएस ऑफिसर्स एसोसिएशन के कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम के दौरान छत्तीसगढ़ में आयोजित 27 वीं अखिल भारतीय वन खेलकूद प्रतियोगिता में बतौर खिलाड़ी हिस्सा ले रहे देश भर से आए वन विभाग के अधिकारियों से मुलाकात की और उनका हौसला बढ़ाया। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मैं विभिन्न प्रदेशों से हमारे वन विभाग के अधिकारीगण जो बतौर खिलाड़ी आये हैं उन सभी का छत्तीसगढ़ प्रदेश में बहुत-बहुत स्वागत करता हूं।

# उपायुक्त ने ली राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 19 अक्टूबर।** उपायुक्त श्री मोबीन अली ने टाउनहाल सभागृह में आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता के निर्देश पर राजस्व विभाग के राजस्व उप निरीक्षकों एवं सहायक राजस्व निरीक्षकों की समीक्षा बैठक में वसूली के संबंध में वार्डवार जानकारी ली और तीन दिवस के अंदर डिमाण्ड दुरूस्त करने के निर्देश दिये। उपायुक्त श्री अली ने समीक्षा बैठक के दौरान समस्त राजस्व उप निरीक्षक एवं वार्ड प्रभारी को अपने प्रभारित वार्ड की इस वित्तीय वर्ष के कुल मांग एवं वसूली (चालू एवं बकाया सहित पृथक-पृथक) सहित प्रवृष्टि कर वार्डवार पंजी, जिसमें उस वार्ड के सम्पतिकर दाताओं, गैर सम्पतिकर दाताओं एवं जलकर दाताओं के संख्यावार पृथक-पृथक प्रविष्टि की व वसूली की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि घर घर जाकर भौतिक सत्यापन कर नये सिरे से सही डिमाण्ड तैयार किया जा रहा है, कुछ वार्ड प्रभारियों के द्वारा डिमाण्ड दुरूस्त नही किया गया, जिसके लिये आयुक्त महोदय द्वारा नराजगी व्यक्त की जा रही है, उनके द्वारा कहा गया है कि जिन वार्ड प्रभारी ने डिमाण्ड दुरूस्त नही किया है और वसूली जिनकी वसूली कम है उन्हें नोटिस जारी कर कार्यवाही करे।

समीक्षा की कड़ी में उपायुक्त श्री अली ने कहा कि नये डिमाण्ड के आधार पर प्रतिदिन की गई वसूली को संग्रहण पंजी में तिथीवार पृथक-पृथक इंद्राज करे तथा जल कर वसूली करने सहायक राजस्व निरीक्षक एवं वार्ड प्रभारियों को निर्देशित किये। उन्होंने कहा कि जल विभाग से नये नल कनेक्शन की जानकारी लेवे और उसे डिमाण्ड में चढ़ाकर उसके अनुसार वसूली करे। इसी प्रकार भवन नजूल विभाग से नये घर की जानकारी लेकर डिमाण्ड में जोडे। उन्होंने कहा कि आयुक्त महोदय द्वारा स्वयं वार्डो में जाकर भौतिक सत्यापन किये एवं पुराने डिमाण्ड से मिलान कर कम डिमाण्ड पर नया विवरणी भरने के निर्देश दिये है, साथ ही करदाताओं को अवगत कराकर उसके अनुसार वसूली करने कहा गया है। कुछ करदाता नये डिमाण्ड में पॉच गुना फाईन लगाकर अधिक वसूली करने की शिकायत कर रहे है, उन्हें समझाये कि आपका विवरणी कम भराया था जिसे वास्तविक नाप के अनुसार दुरूस्त किया गया है और वह फाईन नहीं है बल्कि अंतर की राशि है। उन्होंने आयुक्त के निर्देशानुसार तीन दिन में डिमाण्ड दुरूस्त कर वसूली में तेजी लाने के निर्देश दिये है। अन्यथा की स्थिति में संबंधित के विरूद्ध कार्यवाही की जावेगी। उपायुक्त श्री अली ने ऑनलाईन वसूली हेतु करदाता का नाम एवं मोबाईल नम्बर लाने के निर्देश दिये, ताकि ऑनलाईन वसूली करने प्रक्रिया की जा सके तथा मोबाईल नम्बर में मेसेज के माध्यम से कर की राशि की सूचना दी जा सके। उन्होंने मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजना दुकान किराया एवं निगम स्वामित्व की दुकानों की किराये वसूली के संबंध में जानकारी लेकर संबंधित को वसूली में तेजी लाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि शेष दुकानों की प्रीमियम की राशि एवं अनुबंध करा किराया वसूली करे, इसके लिये नोटिस जारी करे। बैठक में समस्त राजस्व उप निरीक्षक एवं सहायक राजस्व निरीक्षक उपस्थित थे।

**समाचार संक्षेप**

### फटाका व्यवसायियों की मांग पर महापौर एवं आयुक्त ने अस्थाई भूखण्ड शुल्क वृद्धि में की कमी

**राजनांदगांव 19 अक्टूबर।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी दीपावली में फटाका दुकान लगाया जाना है जिसके लिए नगर निगम द्वारा दिनांक 22 अक्टूबर मंगलवार को लायसेंसी फटाका व्यवसायियों को लाटरी के माध्यम से विधिवत आबंटित किया जायेगा। आबंटन करने अस्थाई भूखण्ड शुल्क में इस वर्ष 15 प्रतिशत की वृद्धि की गयी थी, वृद्धित दर कम करने फटाका व्यवसायियों द्वारा महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख एंव आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता से मांग की गयी। फटाका व्यवसायियों के हित में महापौर श्रीमती देशमुख एवं आयुक्त श्री गुप्ता ने वृद्धित दर में कमी की, दर कम होने पर अस्थाई भूखण्ड शुल्क 4590 रूपये के स्थान पर अब व्यवसायियों को 4200 रूपये देने निर्णय लिया गया। आयुक्त श्री गुप्ता ने बताया कि इस वर्ष की प्रक्रिया के तहत नगर निगम द्वारा फटाका दुकान के लिए लायसेंसी फटाका व्यवसायियों से 22 अक्टूबर 2022 मंगलवार को दोपहर 1:00 बजे तक वर्तमान लायसेंस वर्ष 2024-25 के प्रति के साथ आवेदन आमंत्रित किया गया है। आवेदन के लिये आवेदन शुल्क एवं अस्थाई भूखण्ड आबंटन शुल्क राशि रूपये 4590 देकर आवेदन प्राप्त कर जमा करना था, फटाका व्यवसायियों की मांग पर शुल्क में कमी करते हुये अस्थाई भूखण्ड शुल्क 4590 रूपये के स्थान पर अब व्यवसायियों को 4200 रूपये निर्धारित तिथि 22 अक्टूबर मंगलवार को दोपहर 1:00 बजे तक आवेदन के साथ जमा करना होगा।

### सभी को जागरूक होना जरूरी: रोशनी वैष्णव



**राजनांदगांव 19 अक्टूबर।** पुलिस चौकी सुरगी द्वारा आयोजित सायबर ठग संबंधित शिविर उच्च माध्यमिक विद्यालय धामनसरा आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि रोशनी वैष्णव क्षेत्रीय जनपद सदस्य अध्यक्षता लोकेश गंगवीर सरपंच विशेष अतिथि अजय मसीह प्राचार्य सिलीप पटेल उपाध्यक्ष ग्राम विकास समिति रोशनी वैष्णव ने छात्र-छात्राओं सहित शिक्षकों को संबोधित करते हुए वैष्णव ने कहा कि साइबर ठग आज देश के चरण सीमा पर है जिसमें मोबाइल में ठगी करने वाले लोग कई प्रकार के ठगी कर रहे हैं इससे बचने चाहिए साइबर ठग वाले लोग लोन देने के नाम नौकरी देने के नाम विद्यार्थियों को उत्तीर्ण करने का झांसा देकर कई प्रकार के सभी लोग अपना शिकार रोज करते हैं आज युवाओं को आप लोग यहां पर इस उम्र में साइबर ठगी से सभी को बचकर रहना चाहिए हवलदार लोकनाथ वर्मा ने मोबाइल सायबर ठगी यौन उत्पीडन घरेलू हिंसा नशा अन्य विषय में भी जानकारी दिया।

### 6 वर्षीय बच्ची का ऑपरेशन नवीनतम नेविगेशन तकनीक से किया

**रायपुर 19 अक्टूबर।** विश्व स्तर पर 10000 बच्चों में से एक सुनने में अक्षम है। कॉकलियर इम्प्लांट मूक-बधिर बच्चे की सुनने की शक्ति पुनर्स्थापित करने के लिए उसके अंदरूनी कान में उपकरण फिट करने की प्रक्रिया है। बधिर बच्चों के लिए रामकृष्ण केयर अस्पताल में पिछले साल 20 से अधिक मामले किए गए हैं, सभी मरीज का स्वस्थ्य ठीक हैं। रामकृष्ण केयर अस्पताल में एक 6 वर्षीय बच्ची का ऑपरेशन नवीनतम नेविगेशन तकनीक (स्मार्टनेव) से किया गया, जिसका उपयोग मध्य भारत में पहली बार इस सर्जरी में किया गया है। इस डिवाइस को ऑस्ट्रेलिया में विकसित किया गया है, यह उपकरण सर्जन को ओटी कक्ष में ऑपरेशन के दौरान इम्प्लांट के सही प्लेसमेंट और कामकाज की निगरानी करने में सक्षम बनाता है। इसलिए शत-प्रतिशत कार्यक्षमता पूर्ण सफल है। डॉ. सुरभि ने नवजात काल के दौरान बच्चों में श्रवण हानि का पता लगाने के महत्व पर जोर दिया क्योंकि सर्जरी जीवन के पहले वर्ष की शुरुआत में ही की जा सकती है। यह सर्जरी डॉ. सुरभि चोपड़ा चतुरमोहता (वरिष्ठ सलाहकार, रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल, रायपुर), डॉ. हेतल पटेल (एचओडी, केम अस्पताल, मुंबई), श्रीमती जूडी एंड्रयूज (मेलबर्न, ऑस्ट्रेलिया से), डॉ. रुचिरा राज (भाषण और भाषा रोगविज्ञानी) और श्री अनुज टंडन की टीम द्वारा की गई थी।



# दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 19 अक्टूबर।** 31 अगस्त को प्रार्थी द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया कि अज्ञात व्यक्ति द्वारा मेरी नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर अपहरण करके ले गया है कि रिपोर्ट पर अपराध धारा सदर 137(2) बीएनएस कायम कर अपहृता की विवेचना पता तलाश मे लिया गया व मामला गंभीर संवेदनशील प्रकृति का होने से मामले की जानकारी तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को दिया गया श्रीमान् पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहूल देव शर्मा व नगर पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेन्द्र नायक के मार्गदर्शन में चिखली पुलिस टीम तैयार कर आरोपी का पतासाजी किया जा रहा था कि दिनांक 17.10.24 को अपहृता को ग्राम ककरैल थाना सोमनी जिला राजनांदगांव मे से आरोपी फलेन्द्र विश्वकर्मा के पास होने की सूचना पर तत्काल पहुंच कर पीड़िता को बरामद किया गया नाबालिग पीड़िता को पुछताछ करने पर दोनो एक दुसरे से प्यार मोहब्बत हो जाना व आरोपी फलेन्द्र विश्वकर्मा द्वारा नाबालिग होना जानते हुए भी शादी का प्रलोभन देकर विवाह कर पत्नि की तरह रखकर कई बार शारिरीक संबंध बनाना बताने पर प्रकरण मे धारा 64 बीएनएस,4, 6 पाक्सो एक्ट जोड़ी गई बाद आरोपी फलेन्द्र विश्वकर्मा पिता दशरथ विश्वकर्मा उम्र 22 साल साकिन ग्राम ककरैल थाना सोमनी जिला राजनांदगांव (छ0ग0) को पुछताछ किया गया अपराध स्वीकार करने और मेडिकल मुलाहिजा से पर्याप्त साक्ष्य सबुत पाये जाने से आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया बाद आदेशानुसार जेल दाखिल किया गया। उपरोक्त कार्यवाही में चौकी प्रभारी श्री नरेश कुमार बंजारे, म.प्र.आर. वंदना पटले, प्र.आर. समारूराम सर्पा, आर0 मनोज जैन, सुनील बैरागी, म.आर. सरिता साहू, ज्योति साहू का महत्वपूर्ण योगदान एवं सराहनीय भूमिका रहा है।



### सांसद संतोष पाण्डेय की अनुशंसा पर डोंगरगढ़ नगर पालिका के विकास के लिए निर्माण कार्यों की स्वीकृति

**डोंगरगढ़19 अक्टूबर।** लोकसभा सांसद संतोष पांडे की अनुशंसा पर नगरपालिका डोंगरगढ़ में तीन करोड़ के प्रशासकीय स्वीकृति नगरीय प्रशासन मंत्रालय ने प्रदान की है। उपमुख्यमंत्री व नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव ने 21 अगस्त को प्रत्येक नगरपालिका को वित्तीय वर्ष 2024-25 में अधोसंरचना मद अंतर्गत विभिन्न विकास कार्यों हेतु राशि रू. 3.00 -3.00 करोड की अनुदान राशि स्वीकृति प्रदान किये जाने की घोषणा की गई है। इसी कड़ी में वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु निम्नानुसार 40 कार्यों हेतु अधोसंरचना मद अंतर्गत राशि रूपयें तीन करोड़ स्वीकृति प्रदान की गई है। विकास कार्यों की स्वीकृति मिलने पर प्रदेश महामंत्री रामजी भारती, पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, सुरेंदर सिंह बन्नोआना, मंडल अध्यक्ष अमित जैन, पालिका उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा ,नेता प्रतिपक्ष अमित छाबड़ा,प्रतिनिधि मोंटी भाटिया सहित समस्त पार्षद एवं भाजपा पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय,नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव व सांसद संतोष पांडे के प्रति आभार व्यक्त किया है। अनुशंसित व् स्वीकृति निर्माण कार्य इस प्रकार से है वार्ड क्रमांक 2 पिल्ले आरा मशीन में रोड से बंशी किराना तक सीसी रोड निर्माण 6.76 लाख,वार्ड क्रमांक 2 बोर कर के घर से बहे करके घर तक आरसीसी नाली निर्माण कार्य 3 लाख,वार्ड क्रमांक 3 में लक्ष्मी फूले के घर से संध्या वाजपई के घर तक पाइपलाइन विस्तार करण कार्य 2.97 लाख आदि निर्माण कार्य किये जायेंगे ।

# विधानसभा अध्यक्ष एवं स्वास्थ्य मंत्री से मिले खुज्जी के भाजपा नेता

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**छुरिया 19 अक्टूबर।** 18 अक्टूबर दिन गुरुवार को खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा नेता जिला भाजपा उपाध्यक्ष चंद्रिका प्रसाद डडसेना, शिशुपाल साहू एवं श्यामसुंदर साहू ने क्षेत्र के विभिन्न समस्याओं को लेकर विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह एवं स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल से रायपुर निवास में मुलाकात कर खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न समस्याओं को लेकर मांग पत्र सौंपा। वरिष्ठ भाजपा नेता चंद्रिका प्रसाद डडसेना ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह से क्षेत्र की जर्जर सड़कों की मरम्मत व नया सड़क निर्माण की मांग को लेकर मांग पत्र सौपा, वही शिशुपाल साहू ने ग्राम भोलापुर में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र स्वीकृती एवं (मानव संसाधन) पद सेटअप, हायर सेकेंडरी स्कूल भोलापुर में शिक्षक की कमी को लेकर मांग पत्र सौपा। वही श्यामसुंदर साहू ने ग्राम महाराजपुर में हाईस्कूल खोलने की मांग को लेकर मांग पत्र सौपा। साथ ही छत्तीसगढ़ शासन के स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल से मुलाकात कर ग्राम भोलापुर में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र स्वीकृती एवं (मानव संसाधन) पद सेटअप की मांग को लेकर चंद्रिकाप्रसाद डडसेना के नेतृत्व मे मुलाकात कर गंभीर चर्चा की। इस विषय पर स्वास्थ्य मंत्री ने तत्काल संचालक स्वास्थ्य संरचनालय को निर्देशित कर भोलापुर मे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र उन्नयन के विषय में आवश्यक कार्यवाही करने फोन से निर्देशित किया । गौरतलब है कि ग्राम भोलापुर में 61.96 की लागत से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भवन का निर्माण हो चुका है लेकिन अभी तक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं मानव संसाधन पद सेटअप की स्वीकृति प्राप्त नहीं हुई है । इस विषय को लेकर भोलापुर के ग्रामीण पिछले लगभग साल विधानसभा अध्यक्ष, स्वास्थ्य मंत्री, प्रभारी मंत्री, सांसद,विधायक, से लेकर विभागीय अधिकारियों के चक्कर लगा रहा है लेकिन ग्रामीणों की मांग पूरा नहीं हुआ है ।वहीं पिछले 28 सितंबर 2024 को माननीय प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी ने राजनांदगांव ग्राम बरगा के एक कार्यक्रम में वर्चुअल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भवन भोलापुर का उद्घाटन किया है था।

# राजनांदगांव पुलिस ने बनाया गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 19 अक्टूबर।** पूरे प्रदेश में साइबर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है इसी परिप्रेक्ष्य में पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग के नेतृत्व में राजनांदगांव पुलिस दिनांक 05.10.2024 से 19.10.2024 तक नवा बिहान के तहत् साइबर एवं नशे के विरूद्ध जन-जागरूकता अभियान पखवाड़ा चला रही है। आज दिनांक 18.10.2024 को दोपहर 12:00 बजे एक साथ ''नवा बिहान'' के तहत् पूरे जिले के विभिन्न 165 स्कूल/कॉलेजों/औद्योगिक संस्थानों एवं अन्य स्थानों में 27143 लोगों को साइबर अपराध एवं नशे के विरूद्ध जन-जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमें पुलिस के अधिकारियों एवं प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी जिसमें पुलिस महानिरीक्षक महोदय श्री दीपक कुमार झा, कलेक्टर महोदय श्री संजय अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग, जिला पंचायत सी.ई.ओ. सुश्री सुरूचि सिंह, संयुक्त कलेक्टर श्री सीतल बंसल, संयुक्त कलेक्टर श्री खेम लाल वर्मा, ए.एस.पी. ऑप्स श्री मुकेश ठाकुर, ए.एस.पी. श्री राहुल देव शर्मा, एडीएम श्रीमती इंदिरा, एडीएम श्री मारकण्डेय, नपुअ श्री पुष्पेन्द्र नायक, एसडीओपी श्री आशीष कुंजाम, एसडीओपी श्री दिलीप कुमार सिसोदिया, डीएसपी श्रीमती तनुप्रिया ठाकुर डीसएसपी श्री अजीत ओगरे एवं जिले के समस्त थाना/चौकी प्रभारी व थाना स्टाफ द्वारा जागरूकता अभियान में सम्मिलित होकर स्कूल/कॉलेजों/औद्योगिक संस्थानों के लोगों को जागरूक किया गया जिसमें इन अधिकारियों द्वारा बताया गया सायबर अपराध के मामले तेजी से बढ़े है। आज हर व्यक्ति, बच्चे, बूढे सभी मोबाईल फोन व इंटरनेट का उपयोग कर रहे है। आज कल सायबर क्रिमिनल सोशल मीडिया प्लेट फार्म के माध्यम से झूठी फेक प्रोफाईल बना कर नये-नये तरीके से लोगों से ठगी अथवा अन्य अपराध कर रहें है। सोशल मीडिया के माध्यम से होने वाले प्रमुख अपराध जैसे सायबर बुलिंग, सायबर स्टाकिंग, सायबर ग्रुमिंग, चाईल्ड पॉनो ग्राफी के संबंध में बताया गया इसके अलावा वर्तमान में चल रहे शेयर मार्केट फ्रॉड/फेक ट्रेडिंग एप्प, सेक्सटार्शन एवं सोशल मीडिया के माध्यम से फेक प्रोफाईल जैसे पुलिस अधिकारी, सीबीआई अधिकारी या अन्य कानूनी एजेंसी के नाम से लोगों अथवा उनके बच्चों को गैर कानूनी गतिविधियों में शामिल होना बताकर भयभीत कर केश समाप्त करने हेतु पैसो की मांग करना इसी बहाने विडियों कॉल के जरिये डिजिटल अरेस्ट करने की धमकी देकर लोगों से पैसे ठगी करने के संबंध में बताया गया। साथ ही उपस्थित छात्र/छात्राओं /शिक्षकगणों या अन्य को सायबर फ्रॉड से बचने हेतु किसी प्रकार के लालच में न आने, अनजान व्यक्तियों से सोशल मीडिया में न जुड़ने हेतु बताया गया। इसके अलावा सोशल मीडिया एकांउट को सुरक्षित तरीके से प्रयोग करने हेतु विभिन्न महत्वपूर्ण सुझाव दिया गया। साइबर ठगी होने पर अपराध की सूचना सायबर पोर्टल या सायबर हेल्प लाईन नंबर 1930 में ऑनलाईन शिकायत दर्ज करने के अलावा अपने निकटतम पुलिस थाना या सायबर सेल जाकर रिपोर्ट करने के संबंध मे जानकारी दी गई। अभियान के दौरान पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा नवा बिहान के तहत् नशा के विरूद्ध नशा मुक्ति के संबंध में नारकोटिक्स/ड्रग्स/अवैध नशा से होने वाले दुष्परिणामों के संबंध में उपस्थित सभी शिक्षकगण, स्कूली छात्र/छात्राओं एवं लोगों को विस्तृत रूप से समझाते हुये बताया की नशा न केवल व्यक्ति का शारीरिक व मानसिक नुकसान करता है बल्कि उसके परिवार को भी पतन की ओर धकेल देता है। समाज में अपराध की मुख्य वजह नशा ही माना गया है इसी लिये नशे से दूर रहने हेतु समझाईस दी गई और आस पास के लोगों को भी जागरूक करने हेतु कहा गया। इस प्रकार सायबर जन जागरूकता पखवाड़ा अभियान के दौरान ''नवा बिहान'' के तहत जिले में सायबर जागरूकता एवं नशे के विरूद्ध 26318 छात्रा/छात्राओं एवं 825 कर्मचारीगण, शिक्षकगण इस प्रकार कुल 27143 लोगों को राजनांदगांव पुलिस द्वारा जागरूक किया गया साथ ही स्कूली बच्चों को 25000 हजार पाम्पलेट वितरण किया गया। उक्त कार्यक्रम में एक साथ एक समय पर एक जिले में इतने लोगों को जागरूक करने पर यह रिकार्ड के रूप में ''गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकाड्र्स'' में दर्ज हो गया है जिसका प्रशस्ति पत्र की प्रदेश प्रभारी श्रीमती सोनल राजेश शर्मा द्वारा दिया गया। प्रदेश प्रभारी श्रीमती सोनल राजेश शर्मा द्वारा जागरूकता कार्यक्रम का विजिट कर अभियान के सफलता पूर्वक समाप्ति पश्चात श्रीमती सोनल राजेश शर्मा द्वारा पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय पहुंच कर पुलिस महानिरीक्षक महोदय श्री दीपक कुमार झा, कलेक्टर राजनांदगांव श्री संजय अग्रवाल के समक्ष पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग को नवा बिहान के एक साथ एक समय पर एक जिले में सायबर अपराध एवं नशा मुक्ति के संबंध में जन-जागरूकता अभियान सफलतापूर्वक सम्पन्न करने के फलस्वरूप ''गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकाड्र्स'' सार्टिफिकेट एवं मेडल प्रदाय किया गया।

# गंदे नालों की पालिका ने करवाई सफाई, मोहल्लावासियों ने ली चैन की सांस

## कुंभकर्णी नींद से जागा नगर पालिका

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 19 अक्टूबर।** नगर के अंबेडकर पार्क के सामने मुख्य सड़क के एक ओर बने खुले नालों में अटी पड़ी अथाह गंदगी व सडांध भरे दुर्गध के मुद्दे को मोहल्लेवासियों की शिकायत पर तरूण छत्तीसगढ़ ने जनहित में उठाया था और जिम्मेदारों को आईना दिखाते बताया था कि ईमानदारी से टैक्स देने वाली आम जनता को किस तरह से नगर पालिका की ढुलमूल व सुस्त कार्यप्रणाली का खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। स्वच्छता ही सेवा अभियान का किस तरह से नगर पालिका द्वारा माखैल उड़ाया गया है। मामला सार्वजनिक होते ही नगर पालिका कुंभकर्णी नींद से जागी। पालिका प्रमुख सीएमओ पवन मेरिया की नींद खुली और उन्होने तत्काल ही अपने सफाई कर्मियों को नालियों से गंदगी निकालने तथा पूरे नालों की अच्छे से सफाई करने का आदेश दिया। सफाई कर्मियों की टीम शुक्रवार को लाव लश्कर के साथ मौकाए स्थल पहुंची और फिर शुरू हुई नालों की साफ सफाई का काम। खुले पड़े नालों में वर्षो से जमी गंदगी को फिलहाल बाहर निकाल दिया है लेकिन नालों में सड़ चुके एक जगह ठहरे हुए पानी की निकासी अभी भी नहीं की गई है। नाले का पानी सड़कर बदबू मार रहा है। शाम होते ही मच्छरों का आतंक शुरू हो जाता है। खैर, उम्मीद पर दुनिया कायम है। मोहल्लेवासियों को ऐसी उम्मीद है कि नालों में पड़े पड़े सड़ चुके पानी को भी जल्द बाहर निकाल दिया जाएगा। नालियों की सफाई एकाएक होने से आसपास के रहवासी भी हैरान है वे सोच में पड़ गए कि ये क्या गजब हो गया। उन्होने महाप्रभू जगन्नाथ जी का धन्यवाद करने के साथ साथ तरूण छत्तीसगढ़ को भी जनहित में मुद्दे उठाने के लिए धन्यवाद कहा । खैर, जब जागो-तब सबेरा की तर्ज पर इस मामले का पटाक्षेप तो हो गया अब आगे चलते हैं और जनहित से जुड़े किसी और मुद्दे की तलाश करते हैं क्योंकि जनता की आवाज बन चुकी तरूण छत्तीसगढ़ ने देवतुल्य जनता से जुड़े मुद्दे उठाने का संकल्प जो ले रखा है।





## एक नजर

### 59 पदों पर अतिथि शिक्षक के लिए आवेदन 24 अक्टूबर तक

**सुकमा, 19 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशानुसार सुकमा जिला में संचालित शासकीय हाई एवं हायर सेकेण्डरी स्कूलों में अंग्रेजी, गणित, जीव विज्ञान, भौतिकी एवं रसायन के व्याख्याता के कुल 59 रिक्त पदों पर जिला खनिज न्यास निधि मद से स्थानीय अतिथि शिक्षक के रूप में स्थानीय शिक्षित बेरोजगारों को रोजगार प्रदाय कर शैक्षणिक अध्यापन व्यवस्था में सुधार लाये जाने हेतु इच्छुक एवं योग्य उम्मीदवारो से निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया है। आवेदक द्वारा पूर्ण रूप से भरा हुआ अपना आवेदन पत्र स्वय उपस्थित होकर संबंधित प्राचार्य शासकीय हाई एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल, जिला सुकमा को 18 अक्टूबर से से 24 अक्टूबर 2024 के संध्या 05:00 बजे तक जमा कर सकते है। विलंब से प्राप्त होने वाले आवेदन पत्र पर विचार नहीं किया जावेगा। विस्तृत जानकारी हेतु सुकमा जिले के अधिकारिक वेबसाईट पर एवं कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी सुकमा के सूचना पटल में अवलोकन कर सकते है।

### पशुपालकों को चलित पशु चिकित्सा इकाई की सुविधा का मिल रहा लाभ



**सुकमा, 19 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** ग्रामीण अंचल एवं शहरी इलाकों के पशुपालकों को घर पहुंच पशु चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराने जिले के तीनो विकासखंडों में प्रदायित मोबाईल वेटनरी इकाई के द्वारा कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन में सुदूर एवं अंदरूनी ग्रामों के साथ-साथ शहरी क्षेत्रों के पशुपालकों को त्वरित पशु चिकित्सा सेवाओं का लाभ दिया जा रहा है।पशु चिकित्सा विभाग के उपसंचालक डॉ. सुमेर सिंह जगत ने बताया कि इस हेतु टोल फ्री नंबर 1962 पर कॉल करके अपना पता और लोकेशन बताकर बेहतर पशु चिकित्सकीय के साथ-साथ निकृष्ट नाटो, पाड़ो एवं बकरों का बधियाकरण, टीकाकरण एवं नस्ल सुधार हेतु उन्नत नस्लों के सिमेंन से कृत्रिम गर्भाधान की सुविधाओं का भी पशुपालक लाभ ले सकते है। उपसंचालक डॉ. जगत के द्वारा बताया गया कि जिले में पशुओं को समय पर बेहतर चिकित्सा सुविधा पहुँचाने में यह सह सेवा बहुत ही कारगर साबिल हो रही है। इस वाहन के माध्यम से बीमार पशुओं का घर-घर जा कर उचित ईलाज किया जा रहा है। इसी कड़ी में छिंदगढ़ के पशु चिकित्सालय से डॉ. भूपेन्द्र बघेल के नेतृत्त्व में चलित पशु चिकित्सा इकाई की सयुंक्त टीम के द्वारा ग्राम अधिकारीरास, कोमटीगुडा, तातीपारा एवं पुजारीपाल ग्रामों में ग्रामीण एवं पशुपालकों की उपस्थिति में पशु चिकित्सा शिविर आयोजित कर गौवंशीय-भैंसवंशीय, भेड़, बकरे-बकरियों, सुकरों आदि पशुओ का उपचार, बधियाकरण, टीकाकरण कर औषधियों का वितरण तथा ग्रामीणों को विभागीय व्यक्तिमुलक तथा केसीसी पशुपालन योजना के बारे जानकारी दिया गया। साथ ही योजनाओं का लाभ लेने हेतु प्रेरित किया गया।

### लिखित शिकायत पत्र पर मामला दर्ज



**भिलाई 19 अक्टूबर।** स्मृति नगर चौकी क्षेत्र मॉडल टाउन इंदिरा नगर सुपेला निवासी प्रमोद साहू (27 वर्ष) ने 16 अक्टूबर को लिखित शिकायत पत्र प्रस्तुत किया जिसके अवलोकन पर मामला धारा सदर का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था स्मृति नगर चौकी प्रभारी वंदिता पनिकर ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर आरोपी प्रकाश धुर्वे (37 वर्ष) पींटू नेताम (19 वर्ष), नीलकंठ धुर्वे (26 वर्ष) निवासी डेरा बस्ती फरीद नगर को तलब कर पूछताछ करने पर उन्होंने जुर्म स्वीकार किया। आरोपियों ने बताया कि 16 अक्टूबर को 4 बजे लगभग वो लोग बैठकर शराब सेवन कर रहे थे। तभी प्रमोद वहां से निकला, उससे टाईम पूछने के बहाने आरोपी उसके पास गए और मारपीट कर एक एक्टीवा नं. सीजी 07 बीजेड 4640 रंग मेड ब्लैक, एक मोबाईल फोन रियलमी कंपनी का एवं चांदी की चैन लूट कर भाग गये थे।

### दिवंगत शिक्षक कर्मचारियों के परिवारों को मिलेगी अनुकंपा नियुक्ति

**नारायणपुर 19 अक्टूबर।** विष्णुदेव साय कैबिनेट ने दिवंगत शिक्षाकर्मी पंचायत संवर्ग के परिजनों को अनुकंपा हेतु पात्र व्यक्ति को अनुकंपा नियुक्ति प्रदान करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। इसके तहत ऐसे शिक्षक पंचायत संवर्ग के कर्मचारी जिनकी मृत्यु सेवा काल में हो गई थी और जिनके आश्रित नियमानुसार अनुकंपा हेतु पात्र हैं, उन्हें छत्तीसगढ़ शिक्षक पंचायत संवर्ग नियम 2018 के आधार पर पात्रता की हिसाब से अनुकंपा नियुक्ति दी जाएगी। ऐसी स्थिति में स्कूल शिक्षा विभाग के पदपूर्ति के लिए पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को पद प्रदान करने के पूर्व के आदेश को भी शिथिल करने का निर्णय लिया गया है, ताकि दिवंगत के पात्र आश्रितों को अनुकंपा नियुक्ति प्रदान की जा सके बता दें कि पूर्ववर्ती कांग्रेस की सरकार में शिक्षा कर्मी संघ ने आंदोलन कर दिवंगत शिक्षकों के पात्र परिवारों को अनुकंपा नियुक्ति देने की मांग की थी। पूर्व की सरकार ने शिक्षा कर्मी की मांगों को नजरअंदाज किया था। मोदी की संवेदनशील सरकार ने मोदी की गारंटी के तहत अपने घोषणापत्र में आश्वासन दिया था कि दिवंगत शिक्षा कर्मी के परिवारों का अनुकंपा नियुक्ति दी जाएगी।



# बोजराजगुडा, संथालपारा और कोतरा स्कूल में बच्चों को कराया गया न्योता भोज

■ न्योता भोज कार्यक्रम से समुदाय में बढ़ रही अपनेपन की भावना

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**सुकमा, 19 अक्टूबर।** प्रधानमंत्री पोषण निर्माण योजना के अंतर्गत छत्तीसगढ़ के विभिन्न स्कूलों में न्योता भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों को गर्म और पौष्टिक भोजन परोसा गया। इस पहल का उद्देश्य बच्चों में समानता की भावना का विकास करना और समुदाय के साथ जुड़ाव को बढ़ावा देना है। न्योता भोज कार्यक्रम के जरिए स्कूलों में बच्चों और समुदाय के बीच आपसी सहयोग और संबंधों को मजबूत किया जा रहा है, जिससे शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक मूल्य भी बढ़ रहे हैं।

संकुल केंद्र कोंटा के अंतर्गत स्थित प्राथमिक शाला बोजराजगुडा में शाला विकास समिति के अध्यक्ष, श्री मुर्रम राजू ने अपने पुत्र मुर्रम महेश के जन्मदिन के अवसर पर स्कूली बच्चों को स्वादिष्ट भोजन कराया। इस कार्यक्रम में बच्चों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया और सभी ने सामूहिक रूप से भोजन का आनंद लिया।

इसके अलावा, प्राथमिक शाला संथालपारा में विकासखंड शिक्षा अधिकारी, श्री सुखराम देवांगन ने स्वयं विद्यार्थियों को न्योता भोजन परोसा। इस दौरान अधिकारी ने बच्चों के साथ समय बिताया और उनके साथ भोजन का आनंद लिया, जिससे बच्चों में विशेष उत्साह देखने को मिला।

इसी क्रम में, विकासखंड सुकमा के अंतर्गत प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला कोतरा में भी न्योता भोज का आयोजन किया गया। यहां न केवल स्कूली बच्चों बल्कि ग्रामीण समुदाय के लोग भी इस कार्यक्रम का हिस्सा बने और सभी ने साथ में भोजन किया। जिला शिक्षा अधिकारी श्री जीआर मण्डावी ने इस पहल की सराहना करते हुए बताया कि न्योता भोज का मुख्य उद्देश्य समुदाय में अपनेपन की भावना का विकास करना, बच्चों में पोषक भोजन के महत्व को समझाना और सभी वर्गों के बच्चों में समानता की भावना को मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि यह पूरी तरह से स्वैच्छिक कार्यक्रम है, जिसमें समुदाय के लोग या सामाजिक संगठन स्कूली बच्चों के लिए भोजन या खाद्य सामग्री का योगदान कर सकते हैं।

# चार राज्यों के पत्रकारों ने दिया धरना, जांच की मांग

■ केन्द्रीय गृहमंत्री के नाम सौपा ज्ञापन, पत्रकारों ने कहा गांजा प्रकरण की हो सीबीआई जांच

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**सुकमा 19 अक्टूबर।** सीमावर्ती प्रदेष के चिंतुर थाने में सुकमा व दंतेवाड़ा के चार पत्रकारों के खिलाफ दर्ज गांजा प्रकरण को लेकर चार राज्यों के पत्रकारों ने एक दिवसीय धरना प्रदर्षन किया। चारों निर्दोष पत्रकारों को इस मामले में जबरन फंसाया गया, इसलिए पत्रकारों ने कहा कि इस पुरे प्रकरण की जांच सीबीआई करे और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करे साथ ही चारों पर दर्ज प्रकरण को खारिज करे। वहीं इस आंदोलन को कांग्रेस व सीपीआई का समर्थन मिला। बुधवार को जिला मुख्यालय स्थित बस स्टैंड पर चार राज्यों के पत्रकारों ने एक दिवसीय धरना प्रदर्षन किया। जिसमें उड़ीसा, आंध्र प्रदेष, तेलंगाना समेत प्रदेष के अलग-अलग जिलों से पत्रकार पहुंचे थे। धरना को संबोधित करते हुए पत्रकारों ने कहा कि कोंटा में समाचार संकलन करने गए चारों पत्रकारों को जबरन गांजा प्रकरण में फंसाया गया था। इस पुरे प्रकरण के असली दोषियों के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए ताकि चारों पत्रकारों पर दर्ज प्रकरण खारिज हो सके। वहीं पत्रकारों ने कहा कि बस्तर के पत्रकार हमेषा जान हथेली पर रखकर बिना वेतन के काम करते है। उनके सामने कई परेषानी होती है उसके बावजूद समाजहित में वो काम करते है। धरना के बाद पत्रकारों ने कलेक्टर को केन्द्रीय गृहमंत्री के नाम का एक ज्ञापन सौपा। जिसमें पत्रकारों ने इस पुरे प्रकरण की सीबीआई जांच की मांग की है। ताकि साजिषकर्ताओं का पर्दाफाष हो सके और निर्दोष पत्रकारों को राहत मिल सके। वही धरना स्थल पर कोंटा विधायक कवासी लखमा, सीपीआई नेता मनीष कुंजाम और हरीष कवासी पहुंचे उन्होने धरने का समर्थन करते हुए कहा कि पत्रकारों के खिलाफ हुई साजिष की उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए। इस दौरान काफी संख्या में पत्रकार मौजूद रहे।

### माईजी की डोली व छत्र आज आधी रात पहुंचेगा दंतेवाड़ा

**दंतेवाड़ा 19 अक्टूबर।** बस्तर की विश्व प्रसिद्ध बस्तर दशहरा के मावली परघाव एवं विभिन्न रस्मों में शामिल होने उपरांत मां दंतेश्वरी व मावली माता की दंतेवाड़ा वापसी 19 अक्टूबर को होगी। शनिवार देर रात डोली आंवराभाटा स्थित विश्राम स्थल पहुंचेगी। इस अवसर पर विश्राम स्थल आंवराभाटा में मां रेवा जागरण ग्रूप जबलपुर की सुप्रसिद्ध कलाकार सुश्री सविता मिश्रा, इंदु मिश्रा की संगीतमय प्रस्तुति होगी। अगले दिन 20 अक्टूबर को माता की डोली विश्राम स्थल आंवराभाटा से मंदिर पहुंचगी। डोली आगमन को लेकर मंदिर समिति द्वारा व्यापाक तैयारी की गई है। आंवराभाटा डोली विश्राम स्थल को फूलों से तथा टेंट लगाकर झालरों से सजाया गया है। आज रात भारी तादात में लोग आंवराभाटा डोली विश्राम स्थल परिसर पहुंचेंगे। हर वर्ष शारदीय नवरात्र के अष्टमी को माईजी की डोली को विधिवत बस्तर की दशहरा में शामिल होने के लिए दंतेवाड़ा से बिदाई दी जाती है और 9 दिनों पश्चात दशहरा मनाकर माईजी की डोली वापस अपने धाम दंतेवाड़ा आती है।

## समाचार संक्षेप

### नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के संबंध में अपर कलेक्टर ने दी जानकारी




**सुकमा, 19 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन में अपर कलेक्टर श्री गजेन्द्र सिंह ठाकुर ने नगरीय निकाय चुनाव एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के सम्बध में जानकारी दी। शुक्रवार को कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में अपर कलेक्टर श्री गजेन्द्र सिंह ठाकुर ने प्रेस कांफ्रेंस कर नगरीय निकाय चुनाव और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के बारे में पत्रकारों से चर्चा कर जानकारी दी। अपर कलेक्टर ने बताया कि आगामी नगरीय निकाय चुनाव और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव होने है। चुनाव आयोग के निर्देशानुसार जिले में व्यापक स्तर पर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जायेगा।

### जिला स्तरीय नक्सल पुनर्वास समिति की बैठक सम्पन्न




**सुकमा, 19 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव की अध्यक्षता में जिला स्तरीय नक्सल पुनर्वास समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें जिले के नक्सल पीड़ित व्यक्तियों व परिवारों तथा आत्मसमर्पित नक्सलियों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने के उद्देश्य से तथा पर्याप्त सुरक्षा एवं पुनर्वास हेतु शासन द्वारा स्वीकृत आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास कार्य योजना में निहित प्रावधानों के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु विभिन्न बिंदूओं पर विस्तृत समीक्षा की गई। कलेक्टर श्री ध्रुव ने कहा कि नक्सल पुनर्वास नीति के तहत लंबित प्रकरणों को समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए। एसपी श्री किरण गंगाराम चव्हाण ने कहा कि इनामी राशि को डीबीटी के माध्यम से हितग्राहियों खाते में आहरण करना सुनिश्चित करें। बैठक में सुकमा जिला अन्तर्गत नक्सली हिंसा में मृतको के परिवारों एवं घायल व्यक्ति (आमनागरिक) को आर्थिक सहायता स्वीकृति, नक्सलियों द्वारा किए गए चल, अचल संपत्ति एवं जिविकोपार्जन के साधन की क्षति में और आत्म समर्पित नक्सलियों को केन्द्रीय पुनर्वास नीति के तहत् स्वीकृत ईनामी राशि सहित पुनर्वास योजना के तहत् शासकीय सेवा में नियुक्ति हेतु प्राप्त आवेदनों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में एसपी श्री किरण गंगाराम चव्हाण, सीईओ जिला पंचायत श्रीमती नम्रमा जैन, अपर कलेक्टर श्री गजेन्द्र सिंह ठाकुर, पुलिस उप अधीक्षक श्री केके वाजपेयी सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

### पूरक परीक्षा के परिणाम जारी

**सुकमा, 19 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय बस्तर, जगदपुर द्वारा आयोजित पूरक परीक्षा, सितम्बर 2024 सत्र 2023-24 बी.ए., बी.एसी, बी.कॉम, बी.सी.ए., पार्ट- 01, 02, 03, बी.एसी. होम साइस पार्ट- 01 का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया है। परीक्षा परिणाम परिक्षार्थी विश्वविद्यालय के वेवसाईट से परीक्षा परिणाम की का अवलोकन कर सकते हैं।

### धरना-प्रदर्शन में बीजापुर के पत्रकार भी शामिल रहे

**बीजापुर 19 अक्टूबर।** 16 अकटूबर को सुकमा मे संपन्न हुए पत्रकारों के धरना प्रदर्शन मे बीजापुर जिले के भी पत्रकार शामिल होकर धरना प्रदर्शन मे पत्रकारों के हित मे अपनी आवाज बुलंद की अंतराज्यीय इस धरना प्रदर्शन मे आंध्रप्रदेश. तेलंगाना महाराष्ट्र उडीसा के पत्रकार साथी भी पहुंचे थे सभी. ने एक स्वर मे गांजा प्रकरण मे फर्जी तरिके से फसाये गये चारो पत्रकारों की निशर्त रिहाई की मांग करते अपना विरोध जताया पत्रकारों के इस धरना प्रदर्शन को सुकमा जिले के पूर्व विधायक मनीष कुंजाम सुकमा विधायक कवासी लखमा ने भी अपना समर्थन दिया। इसी तरह जिला पंचायत अध्यक्ष हरीश कवासी. ने भी धरना स्थल पहुंच कर पत्रकारों की लडाई मे हर संभव साथ देने का भरोसा दिलाया पत्रकारों पर फर्जी प्रकरण बनाकर उन्हें परेशान किया जाता है ये उचित नहीं है इस धरना प्रदर्शन मे बीजापुर के गणेश मिश्रा कमलेश पैकरा. रंजन दास चेतन कापेवार याकूब खान. आषीस पदमवार समैया पागे ईश्वर सोनी कुशल चोपड़ा सोनू हेमला धनश्याम यादव तेज नारायण मुर्गेस अफजल खान सत्य नारायण के संतोष संजय लिखितकर भरत दुर्गम आदि पत्रकार शामिल रहे।



### पोटाकेबिन आश्रमों में उधार के राशन से खिला रहे है बच्चों को खाना

**बीजापुर 19 अक्टूबर।** जिले में संचालित पोटाकेबिन आश्रम मे अधययन छात्र छात्राएं इन दिनों अव्यवस्था का शिकार हो रहे है जुलाई माह से शिष्य वृत्ति राशि नहीं मिलने से आश्रम के अधिक्षक उधार के राशन से बच्चों का पेट भर रहे है अब बताया जा रहा है कि दूकानदार भी राशन देने से इंकार कर रहे है ऐसी परिस्थितियों मे आश्रम का संचालन करना मुश्किल हो गया है . यहां विदित. हो कि बच्चों को बेहतर शिक्षा से जोडने सरकार ने आश्रम शालाएं खोली है जहाँ हजारों बच्चे अधयनन रत है लेकिन समय पर उन्हें शिषवृति राशि नहीं मिलने से बच्चों के भोजन पर इसका पड रहा है इधर दुकानदार भी अब राशन इत्यादि भी देने से इंकार कर रहे अधिक उधार होने से दुकानदार भी राशन देने से इंकार कर रहे है ऐसी परिस्थितियों मे बच्चों का ना केवल पढाई प्रभावित होगा बल्कि बच्चे आश्रम छोडने मजबूर होगें संबंधित विभाग को इस दिशा में उचित पहल करनी चाहिए।

## सभी घरों में ओआरएस पाउडर एवं क्लोरिन गोली वितरित

# जिले के चितलनार में स्थिति नियंत्रित,स्वास्थ्य शिविर लगाकर किया जा रहा ग्रामीणों का उपचार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**सुकमा, 19 अक्टूबर ।** जिले के छिंदगढ़ ब्लॉक अंतर्गत चितलनार में मौसमी बीमारी की स्थिति अब नियंत्रण में है और स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य शिविर लगाकर ग्रामीणों का उपचार किया जा रहा है। इस दिशा में कलेक्टर श्री देवेश ध्रुव के निर्देशानुसार अनुविभागीय दंडाधिकारी के नेतृत्व में स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर विभिन्न विभागों के समन्वय से ग्रामीणों के उपचार सहित अन्य आवश्यक पहल सुनिश्चित किया जा रहा है। अनुविभागीय दंडाधिकारी के साथ ही राजस्व, स्वास्थ्य विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग,लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी,महिला एवं बाल विकास विभाग इत्यादि विभागों के अधिकारी-कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहकर आवश्यक सहभागिता के साथ ही कार्यवाही सुनिश्चित कर रहे हैं।

इस बारे में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सुकमा डॉ. कपिल कश्यप ने बताया कि 15 अक्टूबर 2024 को जिले के छिंदगढ़ ब्लॉक अंतर्गत ग्राम चितलनार में विगत एक सप्ताह के भीतर 06 लोगों की मृत्यु होने की सूचना प्राप्त होने पर बुधवार 16 अक्टूबर 2024 को जिला चिकित्सालय सुकमा से मेडिसिन विशेषज्ञ, जिला सर्वेलेंस अधिकारी तथा अन्य चिकित्सा अधिकारी की टीम रवाना की गई थी। टीम के द्वारा मृतकों के परिजनों से मुलाकात किया गया एवं मृत्यु के कारणों को जानने की कोशिश की गई जिसमें यह पाया गया कि सभी मृतक उल्टी-दस्त एवं बुखार का लक्षण बताया गया। गांव में स्थानीय बैगा-गुनिया के घर नयापारा में 04 मरीज एवं कुजांमपारा में 02 मरीज जो मलेरिया पॉजिटिव पाये गये है। जिन्हे स्वास्थ्य टीम के द्वारा उपचार हेतु अस्पताल ले जाने की सलाह दी गई परंतु मरीजों के द्वारा अस्पताल आकर उपचार करने हेतु तैयार नहीं होने के कारण मेडिकल टीम के द्वारा प्राथमिक उपचार कर टीम वापस लौट गई। यहां पर 14 अक्टूबर 2024 से लगातार स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा है। सभी घरों में ओआरएस पाउडर एवं क्लोरिन गोली वितरित की जा चुकी है। लगभग 15 दिवस पूर्व बरसात होने के कारण स्थानीय नाले भर गये थे चूंकि ग्राम चितलनार के कुंजामपारा एवं नयापारा में पेयजल स्त्रोत नहीं होने के कारण नाला का पानी का उपयोग पेयजल के रूप में किया जाता है। वर्तमान में उप स्वास्थ्य केन्द्र में अनुविभागीय दंडाधिकारी एवं खण्ड चिकित्सा अधिकारी छिन्द?गढ की उपस्थिति में स्वास्थ्य विभाग द्वारा 06 बिस्तर लगाकर ग्रामीणों का ईलाज किया जा रहा है और वर्तमान में स्थिति नियत्रण में है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा आम जनता से अपील किया गया है कि किसी प्रकार की उल्टी-दस्त, बुखार या अन्य किसी प्रकार की बीमारी होने पर नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में लाकर ईलाज अवश्य करावें। उन्होंने बताया कि मृतक व्यक्तियों में सुकलू उम्र 61 मृत्यु का कारण उल्टी-दस्त एवं सांस की तकलीफ, सुकरी उम्र 58 मृत्यु का कारण उल्टी-दस्त पूर्व से बीमारी हार्ट-अटैक, दशमी उम्र 27 मृत्यु का कारण उल्टी-दस्त, सुखरी उम्र 58 मृत्यु का कारण अज्ञात बीमारी, चैतु उम्र 45 मृत्यु का कारण उल्टी-दस्त, सोमारी करटामी उम्र 45 मृत्यु का कारण बुखार एवं उल्टी-दस्त से हुआ है।

# चौबेबांधा राजिम सड़क में फिर दौड़ रहे दैत्याकार हाइवा

## छात्रों ने कहा-शासन और सरकार हमारे भविष्य के साथ कर रही खिलवाड़, चार पहिया वाहन से उड़ता है धूल का गुबार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजिम 19 अक्टूबर।** चौबेबांधा राजिम परसवानी सड़क मार्ग पर पिछले 15 दिनों से फिर से दैत्याकार हाईवा तेज रफ्तार दौड़ रहे है जिससे ही स्कूली छात्र भयभीत है। बताना होगा कि सुबह से ही स्कूली छात्र छात्राएं धमतरी जिला तथा गरियाबंद जिला के ग्रामीण अंचलों से बड़ी संख्या में इसी सड़क मार्ग का उपयोग करते हुए राजिम शहर के स्कूल कॉलेज में पहुंचकर विद्या अध्ययन करते हैं। स्कूल कॉलेज पहुंचने वाली यह सड़क मार्ग पहले से ही अत्यंत जर्जर है। बावजूद इसके फिर से लोडिंग गाड़ियां सरपट दौड़ रही है इससे न सिर्फ स्कूली छात्र-छात्राएं उनके प्रभाव क्षेत्र में आ रहे हैं बल्कि किसान से लेकर बड़ी संख्या में राहगीर परेशान दिखाई दे रहे हैं। बताना होगा कि राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 130 सी अटल चौक चौबेबांधा तिराहा से लेकर चौबेबांधा पुल तक तकरीबन दो से ढाई किलोमीटर की दूरी है जो अत्यंत जर्जर है। पिछले वर्ष लगातार लोडिंग रेत हाईवा चलने के कारण सड़क टूट कर गड्ढे में तब्दील हो गए थे। यह गड्ढा बरसात में और भयंकर हो गया था। ग्रामीणों ने लगातार मांग किया तब कहीं जाकर गिट्टी डालकर उसे पैक किया गया था। गिट्टी के डालने के बाद गाड़ियां भसभसाकर कई बार गिर चुके हैं। अनेक लोगों को चोटें आ चुकी है तथा गाड़ी बिगड़ने पर उन्हें बनाने में भी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। अभी भी लोग संभल संभल कर चलते हैं थोड़ी सी भी ध्यान इधर से उधर हुई तो नजरें हटी और दुर्घटना घटी कहावत चरितार्थ हो जाता है।

लोगों का कहना है कि सड़क पक्की होते हुए भी कच्ची से भी खराब है। चारपहिया वाहन चलने के बाद तो धूल का गुबार उठ जाता है। गुरुवार की शाम 5:00 बजे एक-एक करके हाईवा ज्यो सरपट दौड़ीं, उसके बाद तो दोपहिया वाहन धारियों के आंखों के आगे अंधेरा छा गया था। इतनी मात्रा में धूल उड़ रहा था कि इससे आंखों की बीमारियां तथा अन्य परेशानियां होना लाजमी है। बताया गया कि कल एक छात्रा साइकिल से राजिम स्कूल पढ़ने के लिए आए लगातार लोडिंग वाहन चली और वह बच्ची धूल से स्नान कर लिए थे। उन्हें बेचैनी सी होने लगी और 6 पीरियड में से तीन पीरियड पढ़ने के बाद छुट्टी मांग कर वापस घर चली आई। वह उल्टी भी कर रही थी और पेट दर्द होने की बात कही। डॉक्टर को दिखाने के बाद ही उन्हें राहत मिली। यह तो एक बच्ची का रोड में चलने का हाल दिल नतीजा है। यहां तो सैकड़ों बालक बालिकाएं प्रतिदिन आना जाना कर रहे हैं। कितने छात्र-छात्राओं को परेशानी से गुजरना पड़ रहा है इनका असर सीधे उनके पढ़ाई पर पड़ रहा है। 10वीं 12वीं दोनों बोर्ड एग्जाम है। फरवरी मार्च में यह परीक्षाएं होनी है। विद्यार्थियों के लिए ऐसे में 1 मिनट का समय भी मायने रख रहा है तब सरकार इन छात्रों को अच्छी सड़क नहीं दे पा रही है और तो और उन्हें परेशानी देने में आमदा है, यह चिंता का विषय बन गया है।

प्रदेश सरकार के द्वारा नवीन मेला मैदान के लिए पैरी नदी के किनारे 65 एकड़ जमीन आरक्षित किए हैं जिसे समृद्ध करने की बात कांग्रेस सरकार से लेकर भाजपा सरकार भी कह रही है। एक दो कामों को छोड़ दिया जाए तो इन सात आठ सालों में कोई विशेष काम नहीं हो पाया है बल्कि सड़कें और खराब हुई है। नवीन मेला मैदान पहुंचाने वाली यह प्रमुख सड़क मार्ग है। राजिम से 1 किलोमीटर की दूरी पर मेला मैदान शहर से ही लगा हुआ है। आने वाले 2025 के फरवरी मार्च महीने में कुंभ कल्प मेला लगेगा। यह बात अलग है कि यह मेला कहां पर लगेगी। लोगों का कहना है कि प्रदेश सरकार के द्वारा तैयारी करने की बात कह कर हर बार लोगों को बरगलाने का काम जरूर करती है। वैसे भी सुनने में आया है कि इस सड़क मार्ग को चौड़ी चिकनी तथा पेवर ब्लॉक लगाकर आकर्षक लुक दिया जाएगा। अब तो मेला में मात्र तीन-चार महीने ही बचे हुए हैं ऐसे में सड़क का काम शुरू हो जाना चाहिए था। पर अभी तक श्री गणेश नहीं हुआ है। शाम को 4:00 बजे स्कूल से छुट्टी होने के बाद छात्र-छात्राएं अपने घर जाने के लिए साइकिल से ही निकले हुए थे। फोटो खींचते हुए देखकर इन छात्रों ने कहा कि इस सड़क को शीघ्र बनवाइए सर, हम लोग बहुत परेशान हैं। शासन और सरकार हमारे भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। यह सड़क वैसे भी जर्जर है और ऊपर से रेत हाईवा चला रही है। इस बार मेरा बोर्ड एग्जाम है। अच्छे नंबर नहीं आया तो आगे की पढ़ाई के लिए मुझे बड़ी दिक्कत होगी। यह भी बताना जरूरी है कि सड़क की जर्जर हालत को देखते हुए कुछ पालक बाइक से अपने बच्चों को स्कूल लाना और ले जाना का काम कर रहे हैं लेकिन जिनके पास सुविधा नहीं है वह छात्र-छात्राएं तो साइकिल से ही आना जाना कर रहे हैं। अब बच्चे साइकिल से स्कूल जाने में कतरा रहे हैं जिसका एक्स्ट्रा भार पालकों के ऊपर पड़ रहा है।

## एक नजर

### आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पदों पर मंगाए गए दावा-आपत्ति

**रायगढ़, 19 अक्टूबर।** एकीकृत बाल विकास परियोजना रायगढ़ शहरी अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र जगतपुर ए वार्ड क्रमांक 4 में आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पद के लिए जारी प्राविधिक/अनंतिम मूल्यांकन पत्रक पर 21 अक्टूबर से 5 नवम्बर 2024 सायं 5.30 बजे तक दावा-आपत्ति मंगाए गए है। दावा-आपत्ति हेतु आवेदन सीधे परियोजना कार्यालय में अथवा डाक के द्वारा जमा किया जा सकता है। अंतिम तिथि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा।

### जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर स्थल पर किया गया आंशिक संशोधन

**धमतरी 19 अक्टूबर।** कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी के निर्देश पर आगामी 23 अक्टूबर को मगरलोड विकासखण्ड के ग्राम मेघा में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में अपरिहार्य कारणों से स्थल परिवर्तन करते हुए ग्राम बोरसी में शिविर आयोजित किया जाएगा। कलेक्टर सुश्री गांधी ने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को बोरसी में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर मे समय पर उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं।

### संभागीय उड़नदस्ता रायपुर एवं जिला धमतरी की संयुक्त कार्रवाई

**धमतरी 19 अक्टूबर।** कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी के निर्देश पर जिले में आबकारी अमले द्वारा अवैध शराब के विरूद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में आज आबकारी संभागीय उड़नदस्ता उपायुक्त श्री अनिमेष नेताम व जिला आबकारी अधिकारी श्री प्रभाकर शर्मा के मार्गदर्शन में नगरी ब्लॉक के ग्राम मथुराडीह और सलोनी के जंगल में संभागीय उड़नदस्ता व धमतरी जिला आबकारी विभाग द्वारा कार्यवाही करते हुए 200 लीटर महुआ शराब जप्त किया गया। साथ ही लगभग 3400 किलो महुआ लाहन जप्त कर नष्ट किया गया। जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि अज्ञात आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2), 34(1) च के तहत कार्यवाही कर तीन प्रकरण क़ायम किया। इस अवसर पर सहायक जिला आबकारी अधिकारी श्री अजय पाण्डेय, आबकारी उप निरीक्षक श्री पुरषोत्तम सिन्हा, श्री राजेन्द्र देवांगन, श्री अजय मारकण्डे, आबकारी प्रधान आरक्षक श्री राजेश यादव सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

# स्टाईलिश बाइक सवार लोगों की जान से कर रहे खिलवाड़

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**पत्थलगांव 19 अक्टूबर।** शहर के भितर हो या बाहर तेज गति से वाहन चलाने वाले चालको द्वारा हर दिन सडक दुर्घटनाओ को अंजाम दिया जा रहा है,जिसमे पीडित को अपनी जान मान गंवानी पड रही है,पिछले एक साल के रिकार्ड खंगाले जाये तो मोटरसायकल दुर्घटना एवं उससे होने वाली मानव क्षति पिछले कई सालो की अपेक्षा काफी बढ गयी है। सडक पर नौसिखिये चालक स्टंट दिखाकर अपनी वाहन दौडा रहे है उनकी कार्यगुजारी का खामियाजा आम जनता को भुगतना पडता है,अधिकांश बार वाहन चालक की गलती का खामियाजा राह चलते राहगीर अपनी मौत से चुका रहे है। आज भी एक ऐसा ही हादसा सामने आया,जब एक मोटरसायकल मे सवार तीन लोगो ने पीछे से एक अन्य मोटरसायकल सवार को जोर की ठोकर मार दी,जिसके बाद सामने वाली मोटरसायकल मे सवार पुरूष महिला एवं महिला की गोद मे बैठा एक दुधमुंहा बच्चा दुर्घटनाग्रसित होकर बुरी कदर लहुलुहान हो गया। मामला तिलडेगा ग्राम पंचायत के अंतर्गत का है,तिलडेगा के रहने वाले स्माईल बडा एवं उसकी पत्नी अनिता बडा किसी काम को निपटाकर अपने घर की ओर जा रहे थे,इस दौरान पीछे से गनपतपुर के रहने वाले तीन लोगो ने अपनी मोटरसायकल से स्माईल बडा की मोटरसायकल को पीछे से जोर की ठोकर मार दी,जिसके बाद दंपत्ति एवं उनका दुधमुंहा बच्चा सडक पर जाकर गिर गये,जिससे उन्हे काफी चोट लगी है,उनका ईलाज यहा के सिविल हॉस्पिटल मे चल रहा है। ईलाज के बाद दंपत्ति ने यहा के थाने मे गनपतपुर निवासी अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कराया है। बताया जाता है कि मोटरसायकल सवार दंपत्ति को ठोकर मारने के बाद गनपतपुर निवासी तीनो व्यक्ति अपनी वाहन क्रमांक-सी.जी 13 ए 5069 को घटना स्थल पर ही छोडकर फरार हो गये,जिसकी पुलिस द्वारा तलाश की जा रही है।।

स्टाईलिश बाईक के फर्राटे से आम जनता परेशान-:स्टाईलिश बाईक मे सवार होकर बेहद तेज गति से सडको मे अपनी वाहन दौडाने वाले चालक आम नागरिको को अच्छा खासा परेशान कर रखे है। दो दिन पहले यहा की व्ही.आई.पी कॉलोनी रेस्ट हाउस के करीब दो स्टाईलिश बाईक मे चार युवको को मौहल्ले के लोगो ने रोककर पुलिस के हवाले किया था,उनके द्वारा वाहन का सायलेंसर निकालकर बेहद तेज गति से मौहल्ले मे वाहन दौडायी जा रही थी,जिससे मौहल्लेवासी परेशान होकर उन्हे स्वयं से रोककर पुलिस के हवाले किये,इन दिनो शहर की सडको पर सायलेंसर निकाल बुलेट मोटरसायकल के अलावा अन्य स्टाईलिश बाईक का शोर आसानी से सुनने को मिल जायेगा।

# राजस्व से जुड़े कार्यों को समय-सीमा पर पूर्ण करना हमारी जिम्मेदारी: कलेक्टर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायगढ़, 19 अक्टूबर।** कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की बैठक ली। कलेक्टर श्री गोयल ने कहा कि जनसामान्य से जुड़े राजस्व के सभी कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण करना हमारी जिम्मेदारी है। सभी राजस्व अधिकारी राजस्व न्यायालय में लंबित सभी कार्यों को निर्धारित समय में पूर्ण करना सुनिश्चित करेंगे। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री राजीव कुमार पाण्डेय, एसडीएम, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार एवं राजस्व विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री गोयल ने नक्शा-बटांकन की समीक्षा करते हुए नक्शा-बटांकन के कार्यों में प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी तहसीलदार को पटवारियों के कार्यों की समीक्षा करने के निर्देश दिए, ताकि कार्य में बेहतर प्रगति आ सके। इस दौरान उन्होंने पटवारीवार किए गए कार्यों की समीक्षा करते हुए कार्य की शून्यता पर असंतुष्टि व्यक्त करते हुए संबंधित पटवारी को पत्र लिखने एवं सेवा पुस्तिका में अंकित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री गोयल ने डिजिटल सिग्नेचर, डायवर्सन, ई-कोर्ट, भूमि आबंटन, जाति, निवास, आय प्रमाण पत्र, पटवारी की उपलब्धता और अभिलेख दुरूस्तीकरण, भू-राजस्व वसूली, भू-अर्जन प्रकरणों का मुआवजा भुगतान की स्थिति, आरबीसी 6-4, भू-अर्जन जैसे विभिन्न प्रकरणों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि डिजिटल सिग्नेचर में जिले की स्थिति बेहतर है। इस दौरान उन्होंने आधार प्रविष्टि की जानकारी ली। उन्होंने ई-कोर्ट निराकृत प्रकरणों की समीक्षा करते हुए लंबित प्रकरणों को अतिशीघ्र निराकृत करने के निर्देश दिए। आरबीसी 6-4 के प्रकरणों की समीक्षा के दौरान उन्होंने सभी अनुविभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि आरबीसी 6-4 के सभी प्रकरणों का समय-सीमा में निराकृत करना सुनिश्चित करें, ताकि उनके वारिसानों को अविलंब आर्थिक सहायता राशि उपलब्ध हो सके। कलेक्टर श्री गोयल ने भू-अर्जन एवं मुआवजा भुगतान की समीक्षा करते हुए कहा कि भू-अर्जन अवार्ड के अनुरूप राजस्व अधिकारी अभिलेख शुद्धता का कार्य प्राथमिकता से करें, साथ ही लंबित मुआवजा पर संबंधित विभागों से समन्वय कर कार्यवाही करें। कलेक्टर श्री गोयल ने सभी अनुविभागीय अधिकारियों को भू-राजस्व कर वसूली के कार्य को प्राथमिकता के साथ करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया कि अनुविभागवार अवैध कालोनियों का चिन्हांकन कर कार्यवाही सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी एसडीएम से पटवारी उपलब्धता की जानकारी ली। साथ ही ज्ञात व अज्ञात वाहनों से दुर्घटना व मुआवजा की भी जानकारी ली। इस दौरान नजूल पट्टों के नवीनीकरण, भू-भाटक वसूली, स्वामित्व योजना, सामुदायिक वन संसाधन जैसे अन्य बिन्दुओं पर भी समीक्षा की। कलेक्टर श्री गोयल ने स्कूली बच्चों के जाति प्रमाण पत्र की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि विकासखंडों में जाति प्रमाण पत्र बनाने का कार्य धीमा है। उन्होंने सभी जाति प्रमाण पत्र बनाने में आ रही समस्या की जानकारी लेते हुए, पात्र बच्चों के जाति एवं निवास प्रमाण पत्र जारी करने के निर्देश दिए।

# व्यवस्थापन के नाम पर देवारों को दलदली जमीन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कुरुद 19 अक्टूबर।** नगर पंचायत कुरूद ने 18 अक्टूबर के सुबह 6-00 से 11-00 बजे तक भरदा राजिम रोड, बायपास रोड, केनाल रोड सहित नगर के कई सरकारी जगह पर से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान देवर जाति के रहवासियों नें सबसे ज्यादा विरोध करते रहे ,लेकिन नगर पंचायत ,पुलिस प्रशासन ,एवं राजस्व विभाग टीम की संयुक्त कार्रवाई के चलते उनकी एक नहीं चली और सरकारी जगह से अतिक्रमण हटाने में सफल रही. व्यवस्थापन के नाम पर इन्हें दलदली जमीन दी जा रही है. सालों से निवास कर रहे लोगों ने नगर पंचायत से व्यवस्थापन की मांग की है.मोर आवास मोर मकान हर गरीब को मिले अटल आवास शासन प्रशासन गरीबों को न्याय दिलाए यह स्लोगन लिखकर देवार जाति के लोग अपने टूटे हुए आशियाने के पास बैठे थे ।पोकू देवार एवं साथी गणों ने अपनी दुखड़ा सुनाते हुए कहा हमें दलदल में व्यवस्थापन दिया जा रहा है। वह भी पानी भरा हुआ है ग्राम कन्हारपुरी के पास यह जमीन स्थित है. सीएमओ नगर पंचायत कुरूद महेंद्र राज गुप्ता ने कहा की आवागमन में बाधा उत्पन्न हो रही थी. बार-बार शिकायत भी आ रही थी. नगर पंचायत कुरूद के अध्यक्ष तपन चंद्राकर ने कहा कि यह कलेक्टर के निर्देश पर कार्यवाही हुई है।



## समाचार संक्षेप

### जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र महत्वपूर्ण दस्तावेज, तय प्रक्रिया के तहत बनवा सकते हैं सर्टिफिकेट

**रायगढ़, 19 अक्टूबर।** आज जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र एक अति आवश्यक दस्तावेज बन गया है। स्कूल में दाखिला से लेकर, आधार कार्ड बनवाने, बीमा क्लेम और जमीन जायदाद के वारिसान तय करने में जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र ही वैध दस्तावेज माना जाता है। इसलिए इसे बनवाने में किसी भी तरह की लापरवाही नहीं की जानी चाहिए। बच्चे के जन्म अथवा परिजन के मृत्यु होने पर 21 दिवस के भीतर रजिस्ट्रेशन कराना बिलकुल निःशुल्क है। अगर जन्म या मृत्यु घर पर हुआ है तो अपने क्षेत्र के रजिस्ट्रार ग्रामीण क्षेत्र में ग्राम पंचायत सचिव एवं नगरीय क्षेत्र में नगर पालिका अधिकारी को लिखित अथवा मौखिक में सूचना दें। अगर जन्म या मृत्यु किसी शासकीय अथवा निजी अस्पताल में हुआ है तो अस्पताल के प्रभारी ही रजिस्ट्रार को घटना की सूचना दे देंगे। सूचना प्राप्त होने पर रजिस्ट्रार द्वारा घटना के सत्यता की जांच कर 2 सप्ताह के भीतर निःशुल्क जन्म अथवा मृत्यु प्रमाण पत्र जारी कर दिया जाएगा। अगर जन्म या मृत्यु घर पर हुआ है और 21 दिवस के बाद रजिस्ट्रार को इसकी सूचना दिया जाये तो मामूली शुल्क (अधिकतम राशि 15 रूपये) लिया जाकर साथ में पंचनामा, शपथ पत्र आदि के आधार पर सक्षम अधिकारी से अनुज्ञा प्राप्त होने पर ही पंजीकरण किया जाता है। यदि सूचना 21 से 30 दिन के भीतर दी जाये तो रजिस्ट्रार (ग्राम पंचायत सविच अथवा नगर पालिका अधिकारी) से, 31 से 365 दिन में जिला रजिस्ट्रार (जिला योजना एवं सांख्यिकी अधिकारी) से एवं 365 दिन के बाद के घटना के लिए तहसीलदार से अनुज्ञा प्राप्त किया जाना होता है। जन्म या मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए भारत के महापंजीयक एवं जनगणना आयुक्त के वेबसाईट स्त्र.ष्ह्म्ह्यश्व्हद्ब.द्दश1.द्बठ्ठ द्वारा आनलाईन माध्यम से भी आवेदन प्रस्तुत किया जा सकता है। यदि जन्म या मृत्यु प्रमाण पत्र पुराने समय में जारी हुआ हो और हस्तलिखित हो तो राशि 05 रूपये का भुगतान कर संबंधित रजिस्ट्रार से डिजीटल प्रमाण पत्र बनवाया जा सकता है।

ऐसे कुछ मामले संज्ञान में आये हैं कि जानकारी के आभाव में आमजनों द्वारा जन्म प्रमाण-पत्र बनवाने हेतु किसी कम्प्यूटर दुकान अथवा अन्य अवैधानिक स्थानों से सम्पर्क किया जाता है तथा उनके द्वारा फर्जी प्रमाण पत्र दे दिया जाता है। शासन द्वारा केवल ग्राम पंचायत, नगरीय निकाय एवं शासकीय अस्पताल को भी जन्म-मृत्यु घटना के पंजीयन करने और प्रमाण पत्र देने हेतु अधिकृत किया गया है। किसी भी निजी व्यक्ति अथवा संस्थान को प्रमाण पत्र देने का अधिकार नहीं है। प्रत्येक प्रमाण पत्र में एक क्यूआर कोड छपा होता है जिसे मोबाइल द्वारा स्कैन कर उसके सही होने का जांच किया जा सकता है। सही प्रमाण पत्र को स्केन करने पर भारत के महापंजीयक एवं जनगणना आयुक्त का वेबसाईट का लिंक खुलेगा और नाम, पति/पिता का नाम, जन्म/मृत्यु की तिथि, स्थान, पंजीयन नम्बर एवं पंजीयन दिनांक की जानकारी प्रदर्शित होगी। फर्जी प्रमाण पत्र में क्यूआर कोड नहीं होगा या होगा तो अन्य वेबसाईट का लिंक खुलेगा।

### सोशल मीडिया में अफवाहों पर तुरंत उठाएं एहतियाती कदम : कलेक्टर

**रायगढ़, 19 अक्टूबर।** कलेक्टर श्री गोयल ने कहा है कि नेशनल हाइवे और स्टेट हाइवे में मालवाहक गाड़ियों के अवैध पार्किंग से दुर्घटना की संभावना होने के साथ ही यातायात भी बुरी तरह प्रभावित होता है। इसको लेकर लगातार जांच और कार्यवाही चलती रहे। उद्योगों को भी इसको लेकर सचेत करें। कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल व पुलिस अधीक्षक श्री दिव्यांग पटेल ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिले के सभी एसडीएम व एसडीओपी के साथ अन्य विभागीय अधिकारियों की बैठक लेकर कानून व्यवस्था की समीक्षा की। कलेक्टर श्री गोयल ने कहा कि उद्योगों के साथ ही सड़कों पर चलने वाले ढाबों को भी समुचित पार्किंग की व्यवस्था करने के लिए निर्देशित करें। जिससे सड़कों पर वाहनों का जमावड़ा न हो। कलेक्टर श्री गोयल ने पुलिस द्वारा रात्रि गश्त किए जाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि अधिकारी नियमित रूप से रात्रि गश्त करें। पेट्रोलिंग का रूट बदलते रहें जिससे क्षेत्र के सभी इलाके कवर हों। इससे रात के दौरान भी सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी होती रहेगी। इसके साथ ही बाहर से व्यवसाय करने के लिए जिले में पहुंचे लोगों का भी एहतियात के लिए वेरिफिकेशन जरूर कर लें। कई बार आपराधिक प्रवृत्ति के लोग व्यवसाय की आड़ में रेकी कर वारदात को अंजाम देते हैं। वेरिफिकेशन से ऐसे लोगों पर नजर रखी जा सकेगी। कलेक्टर श्री गोयल ने कहा कि साइबर फ्रॉड को लेकर चल रहे जागरूकता अभियान में सभी की सहभागिता रही। इसे सिर्फ साइबर जागरूकता पखवाड़ा तक सीमित नहीं रखना है। सभी विभाग अपने स्तर पर इस अभियान को लगातार आगे लेकर जाएं। साइबर अपराधों को लेकर जन मानस में जितनी जागरूकता आएगी, वे सतर्क रहेंगे और साइबर ठगी का शिकार होने से बचेंगे। बैठक में एडीएम सुश्री संतन देवी जांगड़े, अपर कलेक्टर श्री राजीव कुमार पाण्डेय, डिप्टी कलेक्टर श्री धनराज मरकाम, डिप्टी कलेक्टर श्री महेश शर्मा, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी श्री प्रभात पटेल, उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय श्री उत्तम प्रताप सिंह, एसडीएम खरसिया डॉ.प्रियंका वर्मा, एसडीएम घरघोड़ा श्री रमेश कुमार मोर, एसडीएम रायगढ़ श्री प्रवीण तिवारी, एसडीएम लैलूंगा सुश्री अक्षा गुप्ता सहित, एसडीओपी, तहसीलदार, थाना प्रभारी सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। नशीली दवाओं को लेकर प्वाइंटर कार्यवाही करने के निर्देश पुलिस अधीक्षक श्री दिव्यांग पटेल ने दिए। उन्होंने कहा कि काउंटर से प्रिस्क्रिप्शन के आधार पर ही मिलने वाली दवाओं के अवैध रूप से बिक्री पर संयुक्त दल बनाकर कड़ी कार्यवाही की जाए। उन्होंने कहा कि नारकोटिक्स के मामलों में तेजी से कार्यवाही की जाए। आबकारी विभाग और पुलिस विभाग को अवैध शराब बिक्री पर कार्यवाही के संबंध में जानकारी ली गई। कलेक्टर श्री गोयल ने कहा कि आबकारी प्रावधानों के तहत अवैध शराब के बिक्री पर कार्यवाही की जाए। कलेक्टर श्री गोयल ने अधिकारियों से कहा कि सोशल मीडिया में किसी भी प्रकार के अफवाह और फेक न्यूज पर तुरंत संज्ञान लेकर वस्तु स्थिति स्पष्ट करें तथा एहतियाती कदम उठाएं। जिससे किसी प्रकार की लॉ एंड ऑर्डर की स्थिति न बने। उन्होंने कहा कि जिले में शांति व्यवस्था एवं आपसी सौहार्द्र के लिए एहतियात बरतना बेहद जरूरी है। उन्होंने सभी एसडीएम, एसडीओपी तहसीलदार, थाना प्रभारियों को आपसी समन्वय के साथ काम करने के निर्देश दिए।

### बागबाहरा जनपद पंचायत में कौशल पखवाड़ा का आयोजन

**महासमुंद 19 अक्टूबर।** विभिन्न रोजगार व स्वरोजगारोन्मुखी विषयों में निशुल्क आवासीय कौशल प्रशिक्षण देने जाने के लिए कौशल पखवाड़ा का आयोजन 14 से 30 अक्टूबर तक ब्लॉक व ग्राम पंचायत स्तर पर किया जा रहा है। इसके तहत आज जनपद पंचायत बागबाहरा द्वारा आज कौशल पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षण प्राप्त करने के इच्छुक हितग्राहियों के लिए विभिन्न विभागों द्वारा स्टाल लगाए गए थे। जिसमें प्रशिक्षण से संबंध विभाग,जनपद, स्व सहायता समूहो , श्रम विभाग आदि शामिल थे। प्रशिक्षण के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाने और उन्हें रोजगार के नए अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से इस पखवाड़े का आयोजन किया गया। स्टालों के माध्यम से इच्छुक व्यक्तियों को विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों की जानकारी दी गई और मौके पर ही आवेदन भराए गए। इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को स्वरोजगार और कौशल विकास के क्षेत्र में मदद करना है।कार्यक्रम के दौरान अतिथियों द्वारा चयनित स्वयं सहायता समूहों को चेक वितरण कर सम्मानित किया गया। यह चेक उन समूहों को उनके सफल कार्यों और भविष्य की योजनाओं के लिए प्रोत्साहन स्वरूप प्रदान किए गए। इस अवसर पर जनपद पंचायत के अधिकारी, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित थे। कौशल पखवाड़ा के तहत युवाओं और महिलाओं को मुख्य रूप से लक्षित किया गया, ताकि उन्हें विभिन्न क्षेत्रों में कुशल बनाया जा सके और वे आत्मनिर्भर बन सकें। पखवाड़े के आयोजन का उद्देश्य था कि ग्रामीण युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर मिलें और उन्हें बड़े शहरों की ओर पलायन करने की आवश्यकता न हो।

# नगर निगम कर्मचारी एकता संघ ने सेवानिवृत्ति पर किया सम्मान

**रायपुर 19 अक्टूबर।** आज संध्या नगर पालिक निगम रायपुर के कर्मचारी एकता संघ के तत्वावधान में नगर निगम मुख्यालय के चतुर्थ तल पर सामान्य सभा सभागार में आयोजन रखकर नगर निगम रायपुर की सेवा से सेवानिवृत्त कार्यपालन अभियंता श्री के.के. शर्मा, कर्मचारी सर्वश्री रामकृष्ण वर्मा, कांशीनाथ शर्मा, तुलाराम साहू का नगर निगम अपर आयुक्त श्रीमती कृष्णा खटीक, श्री विनोद पाण्डेय, उपायुक्त श्री डी.के. निर्मलकर, सुश्री राजेश्वरी पटेल, जोन कमिश्नर श्री विवेकानंद दुबे, मुख्य अभियंता श्री यू.के. धलेन्द्र, अधीक्षण अभियंता श्री राजेश राठौर, सेवानिवृत्ति राजस्व अधिकारी श्री अरूण दुबे, सहायक राजस्व अधिकारी श्री सुरेन्द्र दुबे, प्रेस मैनेजर श्री सुमंगल उपाध्याय, वरिष्ठ लिपिक श्री हरगोविंद जोशी प्रेस विभाग से श्री पीयूष अग्रवाल, वित्त विभाग के वरिष्ठ अधीक्षक श्री मोहित एवं श्याम सोनी जी की उपस्थिति में मंच में श्रीफल शॉल, स्मृति चिन्ह प्रदत्त कर उनकी सेवाओं को सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर निगम अपर आयुक्त श्री विनोद पाण्डेय ने कहा कि नगर निगम रायपुर कर्मचारी एकता संघ के तत्वावधान में नगर निगम रायपुर को सेवाएं देकर सेवानिवृत्त हुए अधिकारियों, कर्मचारियों का आयोजन पूर्वक ससम्मान किया जाना एक अच्छी स्वस्थ परंपरा है। जिसका सभी को स्वागत करना चाहिए। उन्होने सेवानिवृत्त अधिकारियों, कर्मचारियों के दीर्घायु, स्वस्थ, सुखी जीवन की कामना की । अपर आयुक्त श्रीमती कृष्णा खटीक ने बताया कि सेवानिवृत्त अधिकारियों, कर्मचारियों को उपादान राशि, अवकाश नगदीकरण के सभी प्रकरणों में तत्काल भुगतान नगर निगम रायपुर द्वारा नियमित रूप से किया जा रहा है। जोन कमिश्नर श्री विवेकानंद दुबे ने सेवानिवृत्त अधिकारियों कर्मचारियों को सम्मानित करने की परंपरा पुनः प्रारंभ होने पर प्रसन्नता




व्यक्त की एवं इसे अधिकारियों एवं कर्मचारियों के हित में निरूपित किया। उन्होने अधिकारियों एवं कर्मचारियों की समस्याओं के त्वरित निदान हेतु कर्मचारियों की जागरूकता एवं एकजुटता का सुझाव दिया। सहायक राजस्व अधिकारी श्री प्रमोद जाघव ने सेवानिवृत्त निगम अधिकारियों कर्मचारियों को शत प्रतिशत संख्या में पेंशन दिये जाने एवं अस्वस्थ अधिकारियों कर्मचारियों के त्वरित उपचार हेतु उन्हें स्वास्थ्य स्मार्ट कार्ड दिये जाने का सुझाव दिया। उन्होने सुझाव दिया कि नगर निगम रायपुर में वर्ष 2004 के बाद नियुक्त सभी निगम अधिकारियों कर्मचारियों को पेंशन देने का निर्णय नगर निगम स्तर पर प्रस्ताव बनाकर लिया जाना चाहिए। उन्होने नगर निगम में कार्यरत प्लेसमेंट कर्मचारियों में से निरंतर 10 वर्ष की सेवा पूर्ण कर चुके प्लेसमेंट कर्मचारियों को ठेका पद्धति के स्थान पर सीधे नगर निगम से उनके खाते में पारिश्रमिक वेतन का भुगतान करने, प्लेसमेंट कर्मचारियों को 4000 रू. श्रम सम्मान निधि दिये जाने का सुझाव दिया । सेवानिवृत्त कार्यपालन अभियंता श्री के.के. शर्मा ने अपने संस्मरण सुनाए एवं सभी का आभार व्यक्त किया। सेवानिवृत्त राजस्व अधिकारी श्री अरूण दुबे ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के पूर्व मध्यप्रदेश में रायपुर नगर पालिक निगम कर्मचारी महासंघ की अपनी एक विशिष्ट पहचान पूरे प्रदेश में रही है। उन्होने नगर निगम रायपुर में कर्मचारी संघ को पुनर्गठित करने की आवश्यकता के संबंध में सुझाव दिया । सेवानिवृत्त सहायक राजस्व अधिकारी श्री सुरेन्द्र दुबे ने मंच से अपर आयुक्त श्रीमती कृष्णा खटीक एवं श्री विनोद पाण्डेय की संवेदनशीलता की सराहना की एवं कहा कि सेवानिवृत्त अधिकारियों कर्मचारियों की सभी समस्याओं का त्वरित निराकरण करने में अपर आयुक्त श्रीमती कृष्णा खटीक एवं श्री विनोद पाण्डेय की संवेदनशीलता वास्तव में सराहनीय है। कार्यक्रम का संचालन एवं अंत में आभार प्रदर्शन निगम कर्मचारी श्री जितेन्द्र नियाल ने किया। कार्यक्रम में बडी संख्या में रायपुर नगर निगम के अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित हुए एवं सेवानिवृत्त कर्मचारियों की सेवाओं को सम्मानित किया।

# गोकर्ण धाम मोहल्ला तुलसी में शरद महोत्सव एवं सम्मान समारोह सम्पन्न

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



तिल्दा-नेवरा, 19 अक्टूबर। गोकर्ण धाम मोहल्ला वार्ड क्रमांक 1 तुलसी में शरद महोत्सव एवं सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इसमें कार्यक्रम के प्रणेता ग्राम पंचायत के सरपंच गुलाब यदु, अध्यक्ष राजकुमार ठाकुर एवं कार्यकारिणी गोकर्ण धाम विकास समिति के सदस्य रहे। कार्यक्रम शरद महोत्सव का शुभारंभ जय अंबे झांकी ग्राम चिचोली की शानदार प्रस्तुति के साथ किया गया जिसमें पूरे मोहल्ले के ग्रामवासी माताएं बहने वह बच्चे शामिल हुए। इस कार्यक्रम में मोहल्ला के सभी प्रतिभाओं को जो विभिन्न क्षेत्रों जैसे शिक्षा, चिकित्सा, खेलआदि विशिष्ट प्रतिभा रखते हैं का मोमेंटो देकर सम्मान किया गया। ज्ञात हो कि मोहल्ले में कुमारी प्रियल वर्मा पिता उपेंद्र वर्मा एमबीबीएस प्रथम वर्ष, राहुल सिंह पिता देवेंद्र कुमार सिंह एमबीबीएस प्रथम वर्ष, सागर वर्मा पिता भरत लाल वर्मा एमबीबीएस पूर्ण तथा भारतीय वन सेवा परीक्षा में चयनित आईएफएस ऑफिसर गजेंद्र कुमार जी को विशेष उपलब्धि सम्मान से सम्मानित किया गया। दुर्गा उत्सव में बढ़ चढ़कर कार्य करने वाले व गरबा कार्यक्रम प्रस्तुत करने वालों का भी सम्मान किया गया। इस मोहल्ले में इस तरह का प्रथम कार्यक्रम हुआ, जिसको सभी वर्ग के लोगों ने आनंद लिया।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम तुलसी के पूर्व सरपंच अनुराधा वर्मा ने सभी मोहल्ला वासियों को बधाई व शुभकामनाएं दी तथा मोहल्ला विकास को प्राथमिकता देने की बात कही। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि गुलाब यदु सरपंच तुलसी ने कार्यकारिणी के सदस्यों को सम्मानित किया व विशिष्ट प्रतिभाओं को सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे राजकुमार ठाकुर जी ने इस मोहल्ले को ग्राम का सबसे अच्छा वार्ड बनाने की बात कही तथा सभी को साथ आने की प्रेरणा दी। और कहा कि सभी के सहयोग से यह कार्य संभव हो पाएगा और एक साथ एकजुट होकर कार्य करने से ही हर मुश्किल कार्य आसान हो जाएगा। इस कार्यक्रम में गोकर्ण धाम मोहल्ला कार्यकारिणी के संरक्षक देवेंद्र कुमार सिंह, कुलेश्वर प्रसाद वर्मा, उपाध्यक्ष रामखिलावन वर्मा, नरेंद्र कश्यप, सत्यभामा पटेल, सचिव मनोज वर्मा, सहसचिव जानकी दुलारी वर्मा, सहकोषाध्यक्ष अनिल पांडे, सांस्कृतिक सचिव श्रीमुलेश्वर देवांगन, सांस्कृतिक सहसचिव सरिता नायक, मीडिया प्रभारी संजीव वर्मा व मीना कश्यप, गली प्रमुख योगेश्वर प्रसाद वर्मा, भरत लाल वर्मा अश्विनी साहू, जागेश्वर पटेल, सालिक राम साहू, नरेंद्र निर्मलकर व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे

यह कार्यक्रम एक दूसरे को सम्मान देकर अच्छी प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के साथ-साथ उनसे ली जाने वाली प्रेरणाओं के लिए एक मील का पत्थर साबित होगा। और बच्चों को आगे बढ़ने की प्रेरणा के साथ-साथ सामाजिक प्रेम सौहार्द एकता अखंडता की भावना को बढ़ाने वाला व परस्पर सम्मान प्रदान करने की भावना को बढ़ाने वाला होगा। शरद पूर्णिमा की शीतलता के साथ-साथ सभी के हृदय में शीतलता व खीर की मिठास की तरह प्रेम को बढ़ाने वाला होगा।

### हल्बा में जपं स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित

## शिविर में मिले 66 आवेदन में से 54 का मौके पर ही निराकरण




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

चारामा, 19 अक्टूबर। जिला कलेक्टर के निर्देश पर जनपद स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन ग्राम पंचायत हल्बा में किया गया। जिसमें ग्रामीणों की मांग के रुप में 66 आवेदन तथा शिकायत के 5 आवेदन मिलाकर कुल 71 आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें से 54 आवेदनों को शिविर में मौके पर ही निराकृत किया गया तथा 17 आवेदन शेष है। जिसे समयावधि में निराकरण करने निर्देशित किया गया है। शिविर में सत्येंद्र शुक्ल तहसीलदार चारामा, गोपाल सिंह कंवर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत चारामा, कृष्ण कुमार पाटले नायब तहसीलदार, संजय उइके सरपंच ग्राम पंचायत हल्बा, राजेन्द्र सलाम, आनंद मरकाम, शत्रुघ्न शोरी, हेम सिंह मंडावी, महेन्द्र सिंह गावड़े एवं विकास खण्ड स्तरीय सभी विभाग से अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## एक नजर

### पारिका शर्मा ने भाटापारा नगर को किया गौरवान्वित



भाटापारा, 19 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। लालसोठ ब्राह्मण समाज की होनहार बेटी पारिका शर्मा ने नेट की परीक्षा पास कर परिवार सहित नगरवासियों को गौरवान्वित किया है, वर्तमान मे कलिंगा यूनिवर्सिटी मे प्रोफेसर के पद पर कार्यरत है पारिका लालसोठ ब्राह्मण समाज के वरिष्ठ सदस्य रिटायर्ड कर्मचारी सीमेंट संयंत्र शिव शर्मा की सुपुत्री है।

### बिजली तार की चपेट में आया युवक गंभीर हालत में रायपुर रिफर



चारामा, 19 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। नगर के सदर बाजार में एक निर्माणाधीन भवन मे काम करने के दौरान एक युवक बिजली के तार की चपेट में आ गया है। घटना शुक्रवार 18 अक्टूबर के दोपहर लगभग 12 बजे की है। बताया जा रहा है कि युवक नंदकिशोर साहू उम्र करीब 22 वर्ष ग्राम सांकरा जिला धमतरी का निवासी है। जो कि सदर लाइन चारामा के एक निर्माणाधीन भवन के प्रथम मंजिल पर एल्युमिनियम सेक्शन का कार्य कर रहा था। काम के दौरान वह भवन के उपर से गुजर रही बिजली तार की चपेट में आ कर बुरी तरह से झुलस गया है। घटना की जानकारी मिलते ही विद्युत विभाग के द्वारा सदर बाजार का विद्युत आपूर्ति तत्काल बंद कराया गया। जिसके बाद संजीवनी एक्सप्रेस 108 एवं वहां पर उपस्थित लोगों की मदद से घायल को चारामा के सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया। करेंट से लगभग 40 प्रतिशत झुलस चूके युवक को चारामा अस्पताल में बीएमओ एवं नर्सिंग स्टाफके द्वारा प्राथमिक उपचार कर रायपुर अस्पताल रिफर कर दिया गया है।

### मुख्यमंत्री शामिल हुए शिवरतन शर्मा की भाभी की श्रद्धांजलि सभा में

रायपुर, 19 अक्टूबर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज भाटापारा के पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा के भाभी स्व बिमला देवी शर्मा के श्रद्धांजलि सभा में शामिल हुए। भाटापारा स्थित अग्रसेन भवन में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में मुख्यमंत्री साय ने दिवंगत बिमला देवी शर्मा के छायाचित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया।

### निधन

**बिन्दा लहरी**

भाटापारा, 19 अक्टूबर। नयागंज वार्ड निवासी बिन्दा लहरी 80 साल का दिनांक 18 अक्टूबर को स्वर्गवास हो गया जिनका अंतिम संस्कार शाम 4 ब। वे कोआपरेटिव बैंक के शाखा प्रबंधक जे.आर.लहरी की माताजी थी।

### आवास योजना के नाम पर रोजगार सहायक की मनमानी उजागर

# पुराने आवास को नया बताकर गरीब लोगों से ले रहा रुपए, कार्रवाई की मांग

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

कसडोल, 19 अक्टूबर। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी देश के हर व्यक्ति के सिर पर छत और पक्का मकान देने का सपना देखते हुए प्रधानमंत्री आवास योजना बनाई गई है। जिसमें पात्र हितग्राहियों को इसका लाभ मिल सके। लेकिन ग्रामीण स्तर पर इस योजना में जमकर भ्रष्टाचार होने और अपात्रों को लाभ देने का मामला आरटीआई एवं अन्य के माध्यम से सामने आया है।

इसी तरह का मामला बलौदाबाजार विकाखखण्ड के अन्तर्गत ग्राम कोयदा में सामने आया है। यहां आरटीआई एवं शिकायकर्ता धनसाय साहू ने 18 अक्टूबर को जिला कलेक्टर के नाम से सरपंच हेमंत साहू रोजगार सहायक राजू साहू एवं पंचपति शिवनारायण साहू के विरूद्ध शिकायत कर जांच की मांग किया गया है। शिकायकर्ता धनसाय साहू ने अपने शिकायत पत्र में कंडिका वाईज शिकायत किया गया। जिसमें चैतूराम पिता समारू कैवर्त्य के छत लेबल का मकान पास करने के एवज में रोजगार सहायक एवं पंचपति शिवनारायण द्वारा 35 हजार रूपये लेकर पीएम आवास स्वीकृत करने का आरोप लगाया गया, जिसका कार्य लगभग पूर्ण हो चूका है।

गंगाप्रसाद पिता लहुरमन साहू का 10 वर्ष पुराना मकान को छबाई कराके रोजगार सहायक ने 30 हजार रूपये लेकर पास करवाया गया, जिसका वर्तमान में दो किस्त जारी हो गया है, जो हितग्राही को रूपये मिल जाने का आरोप लगाया गया।






कुमारी नीलम ठाकुर के जाति प्रमाण पत्र को निकाल कर फेंक दिया गया है और असलंग्न बताकर उसे अयोग्य ठहरा दिया गया है। और कम अंक वाले को योग्य बताकर उसे 100000 वसूल लिए गए हैं।

#### क्या कहते है रोजगार सहायक

शिकायत झूठा है, जैसे-जैसे कार्य हुआ है, जियो टेकिंग के पश्चात आवास स्वीकृत हुआ है, इसमें रोजगार सहायक का किसी भी प्रकार का हाथ नहीं है।

**राजू साहू, रोजगार सहायक ग्राम पंचायत कोयदा**

ग्राम सरपंच आनलाईन के माध्यम से आवास स्वीकृत हो रहा है, इसमें पंचायत का किसी भी प्रकार का हाथ नहीं है। पुराना आनलाईन के हिसाब से सूची जारी हो रहा है। जो भी व्यक्ति शिकायत किया गया है, उसका शिकायत झूठा और निराधार है।

**हेमंत साहू, सरपंच ग्राम पंचायत कोयदा**

उक्त आवास को नया आवास में शामिल भी कर लिया गया है। शिकायतकर्ता ने बताया कि नारायण पिता हंसराम साहू का 5 वर्ष पहले का पक्का मकान को 30 हजार रूपये लेकर रोजगार सहायक के द्वारा नया आवास के रूप में दर्शाया गया है जिसमें योजना के अनुसार हितग्राही नारायण साहू को दो किस्त दिया जा चूका है।इसी तरह भरतलाल पिता नियन साहू का कच्चा मकान को पक्का मकान कहकर आवास सूची से उनका नाम अपात्र की सूची में दुर्भावनावश डाल दिया गया है जिसकी जानकारी आरटीआई से हुआ है।

वहीं नरोत्तम पिता मकसुदन साहू को स्थायी पलायन कर्ता बतलाकर सरपंच हेमन्त साहू एवं रोजगार सहायक के द्वारा आवास सूची से हटाकर अपात्र की सूची में डाल दिया गया है जबकि वह व्यक्ति पात्र है, उसके परिवार के लोग हमेशा घर में रहते है। इसके अतिरिक्त राजेश पिता गनेशराम बनछोर, देवचरण साहू, दिनेश कैवर्त्य, सागर साहू, रोहित यादव, कचराबाई साहू, समुन्दराम केंवट को सरपंच एवं रोजगार सहायक द्वारा दुर्भावनावश आवास सूची से हटाकर अपात्र सूची में डाल दिया गया। इसके पूर्व अन्य व्यक्तियों का नाम भी अपात्र सूची में डाला गया है। अपात्र सूची में नाम डाल दिये जाने की वजह से उक्त हितग्राहियों को आवास योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। शिकायतकर्ता साहू ने बताया कि पंच पति शिवनारायण साहू का आलीशान पक्का मकान बना है, जिसका नाम आवास योजना की सूची में आया है, जिसकी जांच की आवश्यकता है। इस प्रकार सरपंच एवं रोजगार सहायक दोनो मिलकर अधिकांश हितग्राहियों से अवैध रूप से वसूली कर रहे है, जो कि शासन के नियमों के विरूद्ध है। ऐसे सरपंच एवं रोजगार सहायक की जांच होनी चाहिए और दोषी पाये जाने पर बर्खास्त करने की मांग किया गया है।

**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202410092100018**

विषय:- अ-6 अ
मामले की श्रेणी:- राजस्व
सन:- 2024-2025

राजकट्टा (प.ह.नं. 00029),
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार रेवाराम,
अनावेदक पक्षकार- राजेन्द्र,

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक रेवाराम वल्द भारत सिंह जाति कंवर उम्र 82 वर्ष पेशा कृषक निवासी ग्राम भण्डारपुर तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव (छ.ग.) द्वारा आवेदन पेश किया है कि आवेदक रेवाराम के खाता में ग्राम राजकट्टा तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव में खसरा नम्बर 36, 318, 320, 325, 337 में क्षेत्रफल 0,1580, 0,0810, 0.3520, 0.4330, 0,0570, 0,6230 कुल 1,7040 हेक्टेयर कृषि भूमि स्थित था। खसरा नम्बर 318, 325 क्षेत्रफल को जिलाधीश के अनुमति से भारती मिश्रा को विक्रय किया जा चुका है। खसरा नम्बर 36 क्षेत्रफल 2.16 एकड, 0.840 हेक्टेयर भूमि को राजेन्द्र पिता जाहर सिंह जाति गोड़ को 23 मार्च 2012 को विक्रय कर दिया गया है। विक्रय के बाद खसरा नम्बर 320, 337 रकबा 1.82, 0.15 एकड़, 0.734, 0.061 हेक्टेयर भूमि आवेदक के पास शेष बचा हुआ था। कृषि कार्य हेतु बी.-1 की नकल प्राप्त करने पर खसरा नम्बर 320, 337 रकबा 1.82, 0.15 एकड़ भूमि राजेन्द्र पिता जाहर सिंह जाति गोड़ के नाम पर दर्ज दिखाया जा रहा है, जबकि उक्त भूमि को आवेदक के द्वारा विक्रय नहीं किया गया है। आवेदक के द्वारा खसरा नम्बर 320, 337 रकबा 1,82, 0,15 एकड़ 0.734, 0.061 हेक्टेयर भूमि में वर्तमान में काबिज होकर कास्तकारी कर रहा है। राजस्व अभिलेख में त्रुटि को सुधार कर आवेदक का नाम दर्ज करने का निवेदन किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्तिको उजर व आपत्ति हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 28.10.2024 तक या उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 10/10/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर

तहसीलदार
डोंगरगढ़

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डोंगरगढ़, जिला- राजनांदगांव, (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. 202410092100025
अ/6 वर्ष 2023-24

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक शशी जैन पति स्व. वीरेन्द्र कुमार जैन उम्र 67 वर्ष निवासी सोलहा पारा, डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव (छ.ग.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर लेख किया है कि आवेदकगण के दादा सरदार सिंह के नाम पर डोंगरगढ़ में शीट क्रमांक 6 में मूखण्ड नम्बर 1893/2 में रकबा 877 वर्गफुट भूमि मकान स्थित है। आवेदक के पति स्व.वीरेन्द्र कुमार एवं अनावेदकगण के सम्मिलित नाम पर नजूल शीट क्र. 2. पटेल वार्ड डोंगरगढ़ में भूखण्ड नम्बर 1249/4 एवं 1250/1 में क्षेत्रफ्ल 120 वर्गफीट एवं 1794 वर्गफीट कुल 1914 वर्गफीट आवासीय भूमि है। आवेदक के पति स्व. वीरेन्द्र कुमार जैन का मृत्यु दिनांक 1/4/2019 को डोंगरगढ़ में हो गया है। मृत व्यक्ति के नाम राजस्व अभिलेखों में दर्ज होने के कारण से शासन के योजनाओं का लाभ प्राप्त नहीं हो पा रहा है। अनावेदक क्रमांक 7 एवं 8 बालिक हो चुके है जिस कारण उसके नाबालिक को हटाया जाना न्यायहित में है। मृत व्यक्ति स्व. वीरेन्द्र कुमार का नाम विलोपित कर उसके वारिसान शशी जैन का नाम दर्ज करने एवं अनावेदक क्रमांक 7 एवं 8 बालिक हो चुके हैं जिस कारण उसके नाबालिक को हटाया जाने का निवेदन किया है।

अतएव उक्त भूमि के नामांतरण किये जाने में किसी को कोई दावा, उजर आपत्ति हो तो वह पेशी दिनांक 06/11/2024 तक स्वयं उपस्थित होकर इस न्यायालय में मेरे समक्ष पेश कर सकते हैं, नियत्त अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 07/10/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
डोंगरगढ़ (छ.ग.)

# हंचलपुर में डीजे डांस प्रतियोगिता

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



भखारा, 19 अक्टूबर। ग्राम हंचलपुर मे आज शहीद जवान समिति के तत्वाधान मे भव्य रात्रिकालीन डी.जे डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। जिसमे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गोविंद साहू जिला पंचायत सदस्य धमतरी, वरिष्ठ भाजपा नेता सतीश जैन पचपेड़ी होंगे, कार्यक्रम की अध्यक्षता राजेश रात्रे पब्लिक स्वर ब्यूरोचीफ धमतरी करेंगे एवं विशिष्टअतिथि डोमेराम साहू सरपंच हंचलपुर, चोवा राम साहू सरपंच कोर्रा, आशीष साहू उपसरपंच कोर्रा, कपिल साहू, गिरधारी मेश्राम, शत्रुहनसाहू, कृपाराम साहू व समस्त पंचगण होंगे

डीजे डांस प्रतियोगिता मे विभिन्न पुरुस्कार की व्यवस्था आयोजन समिति द्वारा किया गया है जिसमे सामूहिक डांस मे प्रथम पुरुस्कार 5001, द्वितीय 3000 तृतीय 2000 चतुर्थ 1000 रूपये की राशि एवं प्रवेश शुल्क 250 रखा गया है। इसी प्रकार एकल नृत्य में पुरुस्कार मे प्रथम 1501, द्वितीय 1000 तृतीय 751 की राशि साथ ही प्रवेश शुल्क 151 रुपया रखा गया है। युगल नृत्य मे प्रथम पुरुस्कार 1501, द्वितीय 1000, तृतीय 751 रूपये की राशि है प्रवेश शुल्क 151 रूपये देकर प्रतिभागी प्रतियोगिता मे भाग लें सकते है। इसकी तैयारी में शहीद जवान डी.जे डांस समिति के अध्यक्ष तीरथ रघुवंशी, उपाध्यक्ष चित्रसेन माथुर, सचिव महेंद्र साहू, कोषाध्यक्ष वासु साहू, संरक्षक मोहित साहू सहित ग्रामीणजन जूटे हुए है।

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, गरियाबंद छत्तीसगढ़**
**मैनुवल निविदा आमंत्रण सूचना**

निविदा क्रमांक 13/व.ले.लि./का.अ./लो.स्वा.यां./खण्ड 2024 — गरियाबंद, दिनांक 14.10.2024

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु मैनुअल पद्धति निविदा प्रपत्र 'अ' में नीचे उल्लेखित कार्य हेतु आमंत्रित की जाती है:-

| सं. क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | अमानत राशि | टीप |
|---|---|---|---|---|
| 1 | रैन वाटर हार्वेस्टिंग कार्यः-<br>वि.ख. गरियाबंद के शा.बा.प्रा.शा. नागाबुड़ा<br>वि.ख. देवभोग के शा.प्रा.शा. धौराकोट<br>वि.ख. मैनपुर के शा.प्रा.शा. सरनाबहाल<br>वि.ख. छुरा के शा.प्रा.शा. अकलवारा<br>वि.ख. फिंगेश्वर के प्रा.शा. रक्सा, पथर्रा, मौलीपारा, फिंगेश्वर | 3.63 लाख | 3630/- | एकीकृत पंजीयन व्यवस्था ई-रजिस्ट्रेशन की श्रेणी 'द' एवं उच्च श्रेणी |

उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में दिनांक 24.10.2024 तक देखी जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड
गरियाबंद (छ.ग.)

जी- 242503298/3

### महर्षि वाल्मीकि जयंती कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक

# वाल्मीकि समाज मेहनतकश सेवाभावी : इन्द्र साव

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



भाटापारा, 19 अक्टूबर। वाल्मीकि समाज द्वारा महर्षि वाल्मीकि जयंती नगर में बड़े उत्साह और उमंग के साथ शक्ति वार्ड स्थित वाल्मीकि नगर में मनाई गई। इस अवसर पर मुख्यअतिथि के रूप में उपस्थित विधायक इन्द्र साव ने कहा कि वाल्मीकि समाज अपने कार्य के प्रति दृढ़ होकर ईमानदारी के साथ कार्य करने वाला समाज है। विधायक साव ने समाज की मांग पर अतिरिक्त कक्ष निर्माण की घोषणा की।

वाल्मीकि नगर में वाल्मीकि समाज द्वारा आयोजित महर्षि वाल्मीकि पर उपस्थित सामाजिक जनों को संबोधित करते हुए विधायक इंद्र साव ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि रामायण के पहले रचयिता थे जब तक जीवन चलता रहेगा महर्षि वाल्मीकि का नाम पूरे आदर, सम्मान और श्रद्धा के साथ लिया जाएगा।श्री साव ने कहा कि एक आवंछित व्यक्ति के कहने पर जब माता सीता को वन में छोड़ा गया तो माता सीता को महर्षि वाल्मीकि ने अपने आश्रम में पनाह दी जहा उन्होंने लव कुश को वहीं जन्म दिया। वाल्मीकि समाज एक मेहनत कश समाज है, अपने कार्यो और दायित्वों के प्रति ईमानदारी पूर्वक यह समाज लगातार देश, प्रदेश और नगर की सेवा करते आ रहा है।इस दौरान विधायक साव ने समाज की मांग पर एक अतिरिक्त कक्ष निर्माण की घोषणा की जिसका समाज के लोगों ने करतल ध्वनि से स्वागत किया।इसके पूर्व विधायक का वाल्मीकि नगर पहुंचने पर समाज के लोगों ने बड़ी आत्मीयता के साथ उनका स्वागत किया।

इस अवसर पर समाज के शंकर लाल झंझोटे, परदेशी चौहान, प्रत्येश राठौर, गोविंदा चौहान, लक्ष्मीनारायण राठौर, शिव चौहान, जितेंद्र डागोर, डोमन राठौर, राकेश राठौर, महेश राठौर, महेश राठौर, गोलू तम्बोली, बंशी चौहान, कमलेश राठौर, रंजीत राठौर, रूपेश चौहान, राजा चौहान, विशाल डागोर, कुंदन राठौर, तोरन राठौर, रोहित चौहान, विनय डागोर, सुनील चौहान, धनश्याम चौहान सहित समाज के बड़े बुजुर्ग, महिलाएं, बच्चे काफी संख्या में उपस्थित थे।

**छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग**
**कार्यालय मुख्य अभियंता, महानदी परियोजना, जल संसाधन विभाग, रायपुर (छ.ग.)**
**ई.प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**
**eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in**

**(प्रथम आमंत्रण)**

**सिस्टम निविदा क्र. 159907/निविदा सूचना क्र. 05/व.ले.लि./2024-25** — **दि.17.10.2024**

निम्नलिखित कार्य के लिए दिनांक **08.11.2024 17:30** तक ऑन लईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है:-

**कार्य का नाम- नारायणपुर जिले के विकासखंड नारायणपुर में ब्रेहबेड़ा तटरक्षण का निर्माण कार्य।**

अनुमानित लागत- **रू. 746.82 लाख**

**(एस.ओ.आर. दिनांक 01.08.2010 से प्रचलित (यथा संशोधित दिनांक 22.08.2022 तक))**

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक **24.10.2024** समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते हैं।

**नोटः** निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट **https://eproc.cgstate.gov.in** पर नामांकित/पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग, नारायणपुर
कृते मुख्य अभियंता महानदी परियोजना
जल संसाधन विभाग, रायपुर छ.ग.

जी-242503286/7

